26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 11 अक्टूबर, 2026
अंक- 348 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर हिरासत में न लें- सुप्रीम कोर्ट

## दिल्ली में मेट्रो-इंटरनेट सर्विस बहाल करने का आदेश; दीपके, सौरव और आशुतोष 23 घंटे बाद रिहा

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान मेट्रो-ट्रेन सेवाएं बंद करने, इंटरनेट बाधित करने और लोगों को हिरासत में लेने से जुड़ी याचिकाओं पर आज सुप्रीम कोर्ट की स्पेशल बेंच ने सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि मेट्रो सेवाएं सामान्य रूप से चलनी चाहिए, इंटरनेट बाधित नहीं होना चाहिए और लोगों की आवाजाही नहीं रोकी जानी चाहिए।

याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि 9 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को निर्देश दिया था कि प्रदर्शन के कारण दिल्ली आने वाली मेट्रो और ट्रेनों की आवाजाही पर पूरी तरह रोक न लगाई जाए। इसके बावजूद शनिवार को कोर्ट के आदेश का उल्लंघन हुआ। इस पर कोर्ट ने दिल्ली के अधिकारियों को को नोटिस जारी कर मंगलवार तक जवाब मांगा। कोर्ट ने पूछा कि उसके आदेश की अवहेलना के लिए अधिकारियों के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई क्यों न की जाए। इससे पहले मजिस्ट्रेट कोर्ट ने CJP लीडर अभिजीत दीपके, सौरव दास और आशुतोष रांका को आज सुबह करीब 10 बजे रिहा करने का आदेश दिया। तीनों 23 घंटे पुलिस कस्टडी में रहे।

# कनॉट प्लेस में जुटे प्रदर्शनकारी, पुलिस पड़ रही भारी

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** राजधानी दिल्ली में शनिवार को कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान हुई कार्रवाई के बाद रविवार को प्रदर्शन बढ़ने की आशंका है। कॉकरोच जनता पार्टी ने प्रदर्शन जारी रखने का ऐलान किया है। सीजेपी के अंजिक्य शिंदे ने शनिवार को ऐलान किया था कि जब तक मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा नहीं हो जाता तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा।

सीजेपी संस्थापक अभिजीत दिपके और पार्टी लीडर्स सौरव दास और आशुतोष रांका को शनिवार को हिरासत में लिया गया था। आज उन्हें दिल्ली की ACM कोर्ट में पेश किया गया। ACM कोर्ट ने अभिजीत दिपके, सौरव दास और आशुतोष रांका को रिहा कर दिया है। वहीं, शनिवार को दिल्ली में पाबंदियों, मेट्रो और ट्रेनों की आवाजाही रोकने के साथ ही लोगों को हिरासत में लेने के आरोपों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने पूरी दिल्ली से बैरिकेडिंग हटाने के आदेश दिए हैं।

दिल्ली में बंगला साहिब गुरुद्वारे के पास भारी संख्या में सुरक्षाबल तैनात किए गए हैं। यहां करीब 20 प्रदर्शनकारी जमा हुए थे। फिलहाल पुलिस प्रदर्शनकारियों को हटाने की कोशिश कर रही है। मौके पर पुलिस कार्रवाई जारी है और बड़ी संख्या में महिला पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया गया है। दिल्ली के कनॉट प्लस (CP) में फिर एक बार विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गया है। कनॉट प्लेस पर लोगों का जमावड़ा शुरू हो गया है। रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती और दंगा रोधी गाड़ियों की मौजूदगी के बीच प्रदर्शनकारी मास्क और कपड़े से अपना चेहरा ढककर पहुंच रहे हैं।



प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उन्होंने प्रदर्शन के लिए आपस में समन्वय किया है और जब तक मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं देते, वे वहां से नहीं हटेंगे। आंसू गैस से निपटने की तैयारी की जा रही है। RAF की तैनाती की गई है। साथ ही, दंगा रोधी गाड़ियां भी मौजूद हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान आदेश दिया है कि पूरे शहर में लगे बैरिकेड्स की समीक्षा की जाए। इसके साथ ही, सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि इंटरनेट बंद नहीं किया जा सकता है।

दिल्ली पुलिस के सूत्रों के मुताबिक, कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान पुलिस पर पत्थरबाजी का वीडियो सामने आया है। यह घटना कल दिल्ली के कनॉट प्लेस इलाके की बताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस जब भीड़ को वहां से हटाने और प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने लगी तो कुछ लोगों ने पुलिस पर ही पथराव किया। आज सुबह दिल्ली पुलिस और CRPF की एक संयुक्त टुकड़ी ने नई दिल्ली के कनॉट प्लेस (CP) में फ्लैग मार्च किया। इस इलाके के इनर सर्कल में बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी मार्च करते नजर आए।

## दिपके रिहा होकर घर रवाना, दादी के अंतिम संस्कार में नहीं हो सके शामिल

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दिपके रविवार को वरिष्ठ अधिवक्ता और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल के आवास से निकलकर अपने घर के लिए रवाना हुए। दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिए जाने के बाद रिहा हुए दिपके ने कहा कि वह अपनी दादी के निधन के बाद परिवार के साथ रहने के लिए घर जा रहे हैं। दिपके ने बताया कि सीजेपी के नेता आशुतोष रांका और सौरव दास दोपहर 2 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। इस दौरान संगठन की ओर से आगे की रणनीति की जानकारी दी जाएगी।

## ये देशद्रोही शक्तियां हैं- कंगना

**कंगना रनौत ने कॉकरोच जनता पार्टी ( सीजेपी ) के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शन और उनके चीफ इलेक्शन कमिश्नर ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की निंदा की है। कंगना रनौत ने प्रदर्शनकारियों को 'एंटी नेशनल ताकतें' कहा है, जो भारत को अस्थिर करने की कोशिश कर रही हैं। कंगना रनौत ने 10 अक्टूबर को लखनऊ में पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि आम लोग अब उन लोगों को समझने और सवाल उठाने लगे हैं, जो इस आंदोलन के पीछे हैं। मालूम हो कि यह विरोध प्रदर्शन चुनाव की प्रकिया में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) की भूमिका और उसमें गड़बड़ियों पर सवाल उठाते हुए किया गया था।**

## भारत के लिए शर्म की बात



कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने रिहा होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। दीपके ने कहा कि प्रधानमंत्री के तौर पर मोदी भारत के लिए शर्म की बात हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारत ने कभी भी इतना बड़ा 'कायर' और 'धौंस जमाने वाला' व्यक्ति नहीं देखा है। लगभग 24 घंटे की हिरासत के बाद कोर्ट ने दीपके और उनके साथियों की रिहाई के आदेश दिए। रिहा होने के बाद दीपके ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के तौर पर मोदी भारत के लिए शर्म की बात हैं। इस देश ने कभी भी इतना बड़ा कायर और धौंस जमाने वाला व्यक्ति नहीं देखा है।


शीघ्र आवश्यकता है

1. रेडिमेड कपड़े दिखाने हेतु सेल्समैन एवं सेल्स गर्ल्स की।
2. रेडिमेड कपड़ों के आल्ट्रेशन हेतु टेलर की।
अनुभवी युवक एवं युवतियों को प्राथमिकता ।
वेतन योग्यता के अनुसार

लक्ष्मी गारमेन्ट्स
निकट लखपतराय पाठशाला, भगत सिंह चौक,
धामपुर, मो. 9897912244

सभी को शारदीय नवरात्रों की हार्दिक शुभकामनाएं
गीजर ही गीजर
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज





हमारे यहां एलईडी बल्व,
वायर, पंखे, स्विच, शोकिट,
गीजर, प्रेस, मिक्सी एवं सभी
प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर





सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

# नांगल सोती व सौफतपुर में रामलीला का श्रीगणेश

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** गत रात्रि नांगल सोती तथा सौफतपुर में स्थानीय कलाकारों द्वारा किये जाने वाले रामलीला मंचन का श्रीगणेश हुआ। श्रीरामलीला सेवा समिति नांगल सोती के तत्वावधान में मुख्य बाजार वाली धर्मशाला में सर्वप्रथम पं. तुषार कौशिक तथा पं. कृष्णा कौशिक ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन सम्पन्न कराया। उसके उपरांत भाजपा नेता अवनीश अग्रवाल टांडे वाले ने फीता काटकर मंचन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि श्रीराम सत्य, धर्म, न्याय, करुणा, प्रेम और मर्यादा के प्रतीक हैं। समिति के संरक्षक नवीन अग्रवाल ने कहा कि भगवान श्रीराम की कथा हमें त्याग, सेवा और धर्म के मार्ग पर निडरता के साथ चलने की शिक्षा देती है।

कलाकारों ने प्रथम दिन नारद मोह की लीला का मंचन किया और उसके उपरांत श्रीराम का अभिनय करने वाले धीरेन्द्र पाल की असामयिक मृत्यु पर शोक सभा आयोजित की गयी। रामलीला समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा, सुशील शुक्ला, नवीन अग्रवाल, गोपाल शर्मा, अवनीश जोशी, रामकुमार शर्मा, कैलाशदत्त शर्मा, गंगा नाट्य दीप परिषद के स्टेज डायरेक्टर जनेशपाल सिंह, मा. रामकुमार शर्मा, अतुल अग्रवाल, सिंधुराज चौधरी, दिनेश परमार, नरेन्द्र सिन्हा, योगेश शुक्ला, अश्वनी शुक्ला, वीरेन्द्र गुप्ता, अमित अग्रवाल, विजय चौधरी, सुभाष सिंह, सुबोध वर्मा, धर्मेन्द्र पाल, मा. शशिकांत शर्मा, गगन कर्णवाल, सत्यपाल राजपूत, रामपाल सिंह, उमाकांत शुक्ला, ओमपाल राजपूत सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। समीपवर्ती ग्राम सौफतपुर में श्री आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वावधान में स्थानीय कलाकारों द्वारा गत रात्रि 67 वें रामलीला मंचन का शुभारंभ किया गया। पंडित वीरेन्द्र शर्मा ने विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया। मुख्य यजमान कमेटी के अध्यक्ष कपिल राणा रहे। ग्राम पंचायत के प्रशासक विवेक कुमार ने फीता काटकर मंचन का श्रीगणेश किया। कलाकारों ने प्रथम दिन नारद मोह की लीला का मंचन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नारद का अभिनय विपिन सैनी ने किया। कमेटी की ओर से पूर्व डायरेक्टर गंगाराम सिंह, पंडित वीरेन्द्र शर्मा, शांतिकुंज के हुकम सिंह, थानाध्यक्ष अन्नू कुमारी उनके पति तथा दोनों बच्चों को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया। संयोजक महेन्द्र सिंह, कमेटी उपाध्यक्ष वीरेन्द्र प्रजापति, कोषाध्यक्ष अश्यंत कुमार, डायरेक्टर अर्जुन सिंह, गौरव राठी, अरुण कुमार, विजय राणा, नीरज चौधरी आदि मौजूद रहे।




नांगल सोती में रामलीला मंचन का शुभारंभ करते अवनीश अग्रवाल। सौफतपुर में रामलीला मंचन के लिये पूजन करते ग्रामीण।

## अभिपुरा में रामायण का प्रसारण शुरू

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** गत रात्रि ग्राम शेरपुर अभि उर्फ अभिपुरा में भी प्रोजेक्टर पर रामायण के प्रसारण का शुभारंभ हुआ। पं. दिलेराम शर्मा द्वारा पूजन सम्पन्न कराने के उपरांत पूर्व ग्राम प्रधान एवं रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुनील कुमार धीमान ने प्रोजेक्टर पर बंधा फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने ग्रामवासियों से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र तथा अन्य महापुरुषों के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने की अपील की। संजीव कुमार, पंकज कुमार, धर्मेन्द्र सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान सुरेन्द्र सिंह, मूलचंद, सुजित कुमार, सचिन कुमार, बाबूराम, रविरत्न, नीरज कुमार आदि मौजूद रहे।



## शहजादपुर में भी हुआ श्रीगणेश

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** शुक्रवार की रात्रि ग्राम शहजादपुर में रामलीला मंचन का श्रीगणेश हुआ। यहां रामलीला का मंचन वीर बजरंगी मंडल समिति के द्वारा कराया जाता है। रामलीला मंचन का शुभारंभ भाजपा नेता अनुज चौधरी और प्रमोद शर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इससे पहले पं. आनंद स्वरूप ने विधिपूर्वक पूजन सम्पन्न कराया। स्थानीय कलाकारों ने पहले दिन नारद मोह की लीला का मंचन किया। वीर बजरंगी मंडल समिति के अध्यक्ष सरदार सिंह, शेर सिंह, डायरेक्टर संतराम सिंह, सत्यपाल सिंह, गजेन्द्र सिंह, पंकज पाल, खिलेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह, रतिराम सैनी, रामकुमार शर्मा, अजय बालियान, कन्हैया, राहुल, योगेश शुक्ला, पं. तुषार कौशिक, मा. शशिकांत शर्मा, नीरज कुमार, कामेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।



## राम-लक्ष्मण ने ताड़का का वध करके ऋषियों-मुनियों के यज्ञों की रक्षा की

**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्थानीय रामलीला मैदान में चल रही रामलीला में कल श्रीराम द्वारा ताड़का वध की लीला प्रदर्शित की गई। इस अवसर पर कथा वाचक प्रवीण शास्त्री ने दर्शकों को बताया कि राक्षस एवं ताड़का वन में विश्वामित्र आदि ऋषियों द्वारा किये जाने वाले यज्ञों को नष्ट-भ्रष्ट कर देते थे। राक्षसों के इन कुकृत्यों से परेशान होकर विश्वामित्र ऋषि राजा दशरथ के दरबार में पहुंचे तथा राक्षसों से रक्षा करने के निमित्त उनसे राम और लक्ष्मण को भेजने के लिये कहा। राक्षसों से मुकाबले के लिये राम-लक्ष्मण को विश्वामित्र के साथ भेजने पर पहले तो राजा दशरथ हिचकिचाये लेकिन विश्वामित्र के समझाने पर सहमत हो गये। जब राम और लक्ष्मण को साथ लेकर विश्वामित्र वन की ओर चले तभी मार्ग में ताड़का तथा अन्य राक्षसों ने उन पर हमला कर दिया, जिस पर राम और लक्ष्मण ने ताड़का सहित सभी राक्षसों का वध कर ऋषियों-मुनियों की उनसे रक्षा की। दिन की इस लीला में वेदप्रकाश शर्मा, विक्की शर्मा, रवि खन्ना, हर्ष भारद्वाज आदि का सहयोग रहा।


नवरात्रों की हार्दिक शुभकामनाएं

असली इलेक्ट्रिक

ATHER

लिमिटेड स्टॉक

एथर इलेक्ट्रिक इंडिया का नं. फैमिली स्कूटर



नवरात्रों के लिये बुकिंग प्रारंभ

अपनी पसंद का स्कूटर आज ही बुक करायें।

Dhruvika Motors LLP

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 9119766026

DHAMPUR :

Indra Nagar Colony Near AYushman Hospital Dhampur

MOb. 9762717747

अफजलगढ़ में रामलीला का भव्य शुभारंभ ( पेज 9 )



## दिल्ली में प्रस्तावित विरोध-प्रदर्शन से पहले विधायक मनोज पारस के आवास पर पहुंची पुलिस

# विधायक बोले- जनता की आवाज़ उठाना और सरकार से सवाल करना क्या गुनाह है

**नगीना ( चिंगारी )।** दिल्ली में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रस्तावित विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए नगीना पुलिस शुक्रवार रात से ही सपा विधायक मनोज पारस के अंबेडकर नगर स्थित कैंप कार्यालय पर पहुंच गई।

पुलिस शनिवार सुबह तक वहां मौजूद रही। इस दौरान विधायक मनोज पारस अपने कैंप कार्यालय पर नहीं मिले। बताया गया कि वह क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान में व्यस्त थे। उनके छोटे भाई धर्मेंद्र पारस आवास पर मौजूद थे। विधायक मनोज पारस ने इस मामले में भाजपा सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर सरकार को किस बात का डर है, यह समझ से परे है। उन्होंने कहा कि उन्हें नजरबंद करने के लिए उनके आवास पर पुलिस पहुंच रही है। लोकतंत्र में जनता की आवाज उठाना और सरकार से सवाल करना क्या गुनाह है? विधायक ने कहा कि वह क्षेत्र में होने के कारण अपने कार्यालय पर मौजूद नहीं थे। उन्होंने कहा कि विरोध की आवाज को दबाने के लिए इस तरह के कदम क्यों उठाए जा रहे हैं? उन्होंने कहा कि जनता की आवाज को न डराया जा सकता है और न ही दबाया जा सकता है।



नगीना में सपा विधायक मनोज पारस के कैंप कार्यालय पर मौजूद पुलिस।

## वांछित अभियुक्त के घर पर नोटिस चस्पां किया

**किरतपुर ( चिंगारी )।** मुजफ्फरनगर जनपद में दर्ज धोखाधड़ी के मुकदमे में वांछित अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर धारा 82 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई की गई। चिंगारी को मिली जानकारी के अनुसार, मुकदमा अपराध संख्या 069/2026, धारा 420 आईपीसी में वांछित अभियुक्त अहसान हैदर युसूफ निवासी ग्राम बुडगरी, थाना किरतपुर, जनपद बिजनौर के विरुद्ध न्यायालय से धारा 82 सीआरपीसी की कार्रवाई का आदेश प्राप्त हुआ था। इसके अनुपालन में थाना छपार, जनपद मुजफ्फरनगर के उपनिरीक्षक लोकेश कुमार गौतम ने कल स्थानीय पुलिस के साथ गांव पहुंचकर वांछित अभियुक्त यूसुफ और अहसान के घर पहुंचकर नोटिस चस्पां किया। इस दौरान मौके पर गांव के लोग भी मौजूद रहे।



## बाथरूम में करंट लगने से जूनियर इंजीनियर की मौत

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** कालागढ़ सिंचाई विभाग में तैनात जूनियर इंजीनियर की आज सुबह करंट लगने से मौत हो गई। उनका शव बाथरूम में मिलने से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार मृतक अनिल कुमार सिंचाई विभाग कालागढ़ के शिविर प्रबंध खंड में जूनियर इंजीनियर के पद पर तैनात थे। जानकारी के अनुसार आज सुबह वह नहाने के लिए बाथरूम में गए थे। बताया जा रहा है कि इसी दौरान गीजर में करंट उतरने से वह उसकी चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। थानाध्यक्ष कालागढ़ संजीव ममगई ने घटना की पुष्टि की है।



मृतक का फाइल फोटो।

## श्रद्धा और भक्ति के साथ शीतकाल के लिए बंद हुए श्री हेमकुंड साहिब के कपाट

**देहरादून/चमोली ( चिंगारी )।** सिखों के पवित्र तीर्थ श्री हेमकुंड साहिब के कपाट शनिवार को श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक परंपराओं के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। कपाट बंद होने के अवसर पर गुरुद्वारा परिसर में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इस दौरान पूरा धाम 'बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के जयकारों से गूंज उठा। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को भव्य शोभायात्रा के रूप में उनके शीतकालीन निवास सचखंड ले जाया गया। हिमालय की ऊंची पर्वत श्रृंखलाओं के बीच स्थित श्री हेमकुंड साहिब सिख समुदाय की गहरी आस्था का प्रमुख केंद्र है। हर वर्ष देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कठिन पर्वतीय मार्गों से यात्रा कर यहां मत्था टेकने पहुंचते हैं। इस पवित्र स्थल पर पहुंचकर श्रद्धालु गुरु साहिब के दर्शन करते हैं और सुख-शांति, समृद्धि तथा मानव कल्याण के लिए अरदास करते हैं। कपाट बंद होने के अवसर पर श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा के साथ मत्था टेका और अरदास में हिस्सा लिया। इसके बाद 'बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के जयकारों के बीच श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को सम्मानपूर्वक शोभायात्रा के साथ सचखंड पहुंचाया गया। यह धार्मिक परंपरा हेमकुंड साहिब की यात्रा के शीतकालीन समापन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कपाट बंद होने के साथ ही इस वर्ष की तीर्थयात्रा का समापन हो गया। अब सर्दियों में अत्यधिक ठंड और बर्फबारी के कारण यह पवित्र धाम श्रद्धालुओं के लिए बंद रहेगा। मौसम अनुकूल होने और निर्धारित धार्मिक परंपराओं के अनुसार अगले यात्रा सीजन में कपाट फिर से खोले जाएंगे।

नवरात्रों की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं!



# चांदपुर में धूमधाम से निकली राम बारात




**चांदपुर (चिंगारी)।** रामसेवक मंडल रामलीला कमेटी चांदपुर के तत्वावधान में भगवान श्री राम की भव्य बारात बैंडबाजे एवं मनमोहक झांकियों के साथ धूमधाम के साथ निकाली गई। राम बारात का नगर में जगह-जगह स्वागत किया गया। रामलीला मैदान में जयमाला कार्यक्रम होने पर जयश्री राम के जयकारों से रामलीला मैदान गूंज उठा।

शनिवार की शाम को बिजनौर रोड स्थित देवी मंदिर से राम बारात का शुभारंभ रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विकास गुप्ता रॉकी द्वारा पूजा अर्चना कर व रामचन्द्र जी का तिलक कर किया गया। बारात में राधा कृष्ण, गणेश जी, विष्णु लक्ष्मी, शिव बारात, दशरथ जी, लक्ष्मण अमरनाथ की झांकी, बग्गी पर गुरु वशिष्ठ, आर्य सुमंत, हनुमान जी के बंदर, उज्जैन की भस्म आरती, गोवर्धन जी, भरत-शत्रुघ्न, काली अखाड़ा के अलावा 4 बैंड आदि शामिल थे। बारात देवी मंदिर से शुरू होकर सरगम सिनेमा, बाजार बजरिया, शंकर मूर्ति, ढाली बाजार, मंडी कोटला, नेहरू चौक व स्टेशन रोड होते हुए रामलीला मैदान पहुंची। रामलीला मैदान में जयमाला हुई।

राम बारात में रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विकास गुप्ता रॉकी, अमित गोयल, राजकुमार बंसल, विष्णु गोपाल अग्रवाल दीपू, ब्रजेश कौशिक, सुधीर अग्रवाल, स. अच्छन सिंह लोहिया, जगत शर्मा, राजीव अग्रवाल टीनू, विपुल तायल, विश्वास गुप्ता, सचिन अग्रवाल, शुभम बंसल, नितिन बंसल, आयुष गुप्ता व आशू गोयल सहित रामलीला कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे।



# रामलीला मंचन से पूर्व ध्वज यात्रा निकाली गई

**नूरपुर (चिंगारी)।** नवरात्रि पर्व पर नगर में होने वाली रामलीला मंचन से पूर्व नगर के परंपरागत मार्गो से हनुमान जी की ध्वज पताका निकाली गई। रामलीला मैदान में पंडित सुरेश झा ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना कराई। ध्वज पताका यात्रा का ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने नारियल फोड़कर यात्रा को नगर भ्रमण के लिए रवाना किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. एमपी सिंह, चौधरी रणवीर सिंह, जागेश शर्मा, मुकुल गुप्ता, संजीव जोशी, अंकित जोशी, रविंद्र सिंह, प्रेमपाल रवि, वीर प्रकाश भुइयार आदि मौजूद रहे।



नवरात्रों की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं!
धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# एडीएम ने गौशाला का निरीक्षण किया

**नूरपुर (चिंगारी)।** शनिवार को अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित ने धामपुर रोड स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निराश्रित गौवंशों के लिए मौजूदा सुविधाएं, चारा-पानी की व्यवस्था, साफ-सफाई और स्वास्थ्य की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान भूसा, हरा चारा व्यवस्था ठीक पाई गई। दान में मिले चौकर, भूसा, चारा आदि का अभिलेखीय निरीक्षण किया। एडीएम ने पशुओं की देखभाल रखने, समय पर नहलाने अभिलेखीय रिकार्ड को दुरूस्त रखने के दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संतोष कुमार मिश्र आदि अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



# डिलीवरी ब्वॉय का धरना समाप्त

**बिजनौर (चिंगारी)।** एसआरएस मॉल स्थित डोमिनोज आउटलेट के बाहर भुगतान में कटौती के विरोध में धरने पर बैठे डिलीवरी ब्वॉय की मांगों पर सहमति बनने के बाद धरना समाप्त हो गया। डिलीवरी ब्वॉय का कहना है कि कंपनी ने 2 से 3 किलोमीटर की डिलीवरी का भुगतान 21.79 से घटाकर मात्र 5 कर दिया है। इससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। इसलिए प्रदर्शन कर रहे थे। तहसीलदार आशीष सक्सेना, कोतवाल शहर अवनीत मान ने डोमिनोज के मैनेजर व डिलीवरी ब्वॉय से वार्ता कर मामले का समाधान कराया। वार्ता में तय हुआ कि 5 किलोमीटर की दूरी तक डिलीवरी करने पर 22 रुपये तथा 700 मीटर की दूरी तक डिलीवरी करने पर 15 रुपये का भुगतान किया जाएगा। इसके साथ ही किसी भी डिलीवरी बॉय को नौकरी से नहीं हटाने पर भी सहमति बनी।



# मंडावर थाने में हुई पुलिस पेंशनर्स की मासिक बैठक

**मंडावर (चिंगारी)। थाना मंडावर परिसर में पुलिस पेंशनर्स की मासिक गोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता थानाध्यक्ष विपिन कुमार सिंह ने की।**

गोष्ठी में थाना मंडावर क्षेत्र के अधिकांश पुलिस पेंशनर्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान पेंशनर्स के कल्याण, स्वास्थ्य सुविधाओं और आपसी समन्वय को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। वरिष्ठ पेंशनर्स ने अपने अनुभव भी साझा किए।

पुलिस पेंशनर्स बोर्ड के अध्यक्ष दारोगा (से. नि.) मिर्ज़ा अली रज़ा बेग ने बताया कि विभाग द्वारा पेंशनर्स के हित में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने उन सभी पेंशनर्स से विशेष अनुरोध किया जो आज की गोष्ठी में किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो सके, वे भविष्य में आयोजित होने वाली बैठकों में अवश्य शामिल हों और अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करें।



# डीजे के दौर में बैण्ड वालों का बजा 'बैण्ड'

-फ़िरोज़ आलम





**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** शादी-ब्याह और खुशी के अन्य अवसरों पर अपनी धुनों से माहौल में रौनक भरने वाले पारंपरिक बैंडबाजा कलाकार बदलते दौर में रोजगार के संकट से जूझ रहे हैं। आधुनिकता के बढ़ते प्रभाव और शादियों तथा अन्य कार्यक्रमों में डीजे व इलेक्ट्रॉनिक साउंड सिस्टम के बढ़ते चलन ने बैंडबाजा कलाकारों के पारंपरिक रोजगार को आज के दौर में काफी प्रभावित किया है। वर्षों से इसी कला के माध्यम से अपने परिवारों का पालन-पोषण करने वाले कलाकारों का कहना है कि उनका काम अब पहले की तुलना में काफी कम रह गया है।

मास्टर राजा, मुजाहिदीन उर्फ़ माजू, सिंगर नफीस अहमद, मास्टर अकील, कुलदीप, मास्टर राजीव कुमार, सिंगर गौरव कुमार, मास्टर शाकिर शेख, मास्टर अशोक, सिंगर राजेश कुमार, अशोक, सूरज, महबूब, लक्ष्मी, जनता, महाराजा, पॉपुलर, कुलदीप, दिल्ली दरबार, सुधीर, आबिद, शिव मोहन, बालाजी, इंडिया आदि बैंडबाजे से जुड़े कलाकार इस पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। कलाकारों के मुताबिक एक समय था जब शादी-बारात में बैंडबाजा विशेष आकर्षण हुआ करता था। बारात की शुरुआत से लेकर समारोह तक बैंड कलाकार अपनी धुनों से लोगों का मनोरंजन करते थे। लेकिन अब डीजे और इलेक्ट्रॉनिक साउंड सिस्टम के कारण लाइव बैंड की मांग में कमी आई है।

कलाकारों का कहना है कि समय के साथ शादी समारोहों का अंदाज भी बदल गया है। पहले बारात और अन्य खुशी के कार्यक्रमों में बैंडबाजा प्रमुख हिस्सा हुआ करता था। अब तेज आवाज वाले डीजे और इलेक्ट्रॉनिक साउंड सिस्टम का इस्तेमाल बढ़ गया है। इसका सीधा असर बैंडबाजा बजाने वाले कलाकारों के रोजगार पर पड़ा है। वहीं डीजे की तेज आवाज से ध्वनि प्रदूषण का खतरा भी बढ़ा है। पारंपरिक बैंड में अलग-अलग वाद्ययंत्र बजाने वाले कई कलाकार शामिल होते हैं। किसी एक कार्यक्रम से केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि कई परिवारों की रोजी-रोटी जुड़ी होती है। ऐसे में कार्यक्रमों की संख्या कम होने से इसका असर पूरे समूह की आमदनी पर पड़ता है। बैंडबाजा कलाकारों की सबसे बड़ी समस्या उनका मौसमी रोजगार है। कलाकारों के अनुसार शादी-विवाह के कुछ खास महीनों व मुहूर्तों के दौरान ही उन्हें अपेक्षाकृत काम मिलता है। इसके बाद लंबे समय तक काम की कमी बनी रहती है। ऐसे में पूरे साल परिवार का खर्च चलाना उनके लिए चुनौती बना रहता है।





## सुविधाएं मिलनी चाहिएं

**बैंडबाजा कलाकारों का कहना है कि वे दूसरों की खुशियों में अपनी धुनों से रंग भरते हैं, लेकिन उनके अपने परिवार आर्थिक कठिनाइयों से गुजर रहे हैं। शादी-विवाह के आयोजनों में उनकी कला की जरूरत भले कम हुई हो, लेकिन उनकी आजीविका की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। कलाकार चाहते हैं कि सरकार उनके पारंपरिक हुनर को केवल पुरानी कला मानकर नजरअंदाज न करे, बल्कि इसे रोजगार और संस्कृति दोनों के रूप में संरक्षण दे। आर्थिक सहायता, मानदेय, पेंशन, स्वास्थ्य बीमा और आसान ऋण जैसी सुविधाएं मिलने से कलाकारों को अपने पैरों पर खड़े रहने में मदद मिल सकती है।**

## लोक कलाकार के रूप में पंजीकृत किया जाये

बैंडबाजा कलाकारों का कहना है कि बैंड बजाना भी एक कला है। वे दशकों से अपनी मेहनत और हुनर के जरिए लोगों के शादी-विवाह और खुशी के आयोजनों को यादगार बनाते आ रहे हैं। इसलिए इस कला से जुड़े कलाकारों को सरकारी सांस्कृतिक विभाग में लोक कलाकार के रूप में पंजीकृत किया जाना चाहिए। कलाकारों की मांग है कि पंजीकरण के बाद उन्हें सरकारी स्तर पर मिलने वाली सुविधाओं से जोड़ा जाए। साथ ही शादी के सीजन के बाहर आर्थिक सहायता अथवा मानदेय की व्यवस्था की जाए, जिससे मौसमी रोजगार के कारण पैदा होने वाली आर्थिक परेशानी को कम किया जा सके।

# एक्सीडेंट में घायल महिला को सरकारी गाड़ी से अस्पताल ले गए थाना प्रभारी

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंचे रेहड़ थाना प्रभारी मानवता का परिचय देते हुए एंबुलेंस का इंतजार किए बिना अपनी सरकारी गाड़ी से ही घायल महिला को अस्पताल ले गए।



थाना बढ़ापुर क्षेत्र के ग्राम वीरभानवाला निवासी गुरमेल सिंह की पत्नी श्रीमती राजकौर (65 वर्षीय) शनिवार की शाम काशीपुर से अपने बेटे देवेंद्र सिंह के साथ बाइक द्वारा अपने घर लौट रही थी। रेहड़ बस स्टैंड पर साइकिल चालक को बचाने में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिसमें श्रीमती राजकौर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। यह सूचना मिलते ही पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे रेहड़ थाना प्रभारी राजीव कुमार वर्मा घायल महिला को बिना देरी किए एंबुलेंस का इंतजार न कर अपनी सरकारी गाड़ी से अस्पताल ले गए। इंस्पेक्टर राजीव कुमार वर्मा की इस मानवता की प्रत्यक्षदर्शियों ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की। राजीव कुमार वर्मा ने कहा कि वर्दी पहनकर जिम्मेदारियां निभाने के साथ-साथ हमें मानवता को भी शामिल रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को अविलंब मेडिकल हेल्प मिलना बहुत जरूरी है, जो हम सबको जरूर करनी चहिए।



# आगामी त्यौहारों के मद्देनजर बुलाई गई शांति समिति की बैठक औपचारिकता बनकर रह गई

**धामपुर ( चिंगारी )।** शनिवार की शाम धामपुर कोतवाली के नवागत प्रभारी निरीक्षक धीरज सिंह सोलंकी द्वारा आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्वक माहौल में संपन्न कराने के लिए बुलाई गई शांति समिति की बैठक मात्र औपचारिकता बनकर रह गई। बैठक में अपेक्षा के अनुरूप ग्राम प्रधान व गणमान्य नागरिकों के न पहुंचने पर प्रभारी निरीक्षक ने बैठक समाप्त होने के बाद हलका दरोगाओं से वार्ता की और उनके क्षेत्र के ग्राम प्रधानों के न आने पर रोष व्यक्त किया। उप जिला अधिकारी नितिन कुमार व प्रभारी निरीक्षक धीरज सिंह सोलंकी ने कहा कि जनता के सहयोग से ही पुलिस प्रशासन आगामी नवरात्र, रामलीलाएं, श्री राम विवाह बारात जुलूस व अखाड़ा, विजयदशमी पर्व व शोभायात्राओं के कार्यक्रम को संपन्न करा पाएगा। उप जिलाधिकारी नितिन कुमार ने कहा कि युवाओं की नई पीढ़ी भारतीय संस्कृति और संस्कारों से विमुख होती जा रही है इसके लिए अभिभावकों को अपने बच्चों पर ध्यान देने की आवश्यकता है । उन्होंने अपील की कि जनता की जो भी समस्याएं हैं उनके बारे में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को अपना सहयोग प्रदान करें। बैठक में श्री रामलीला समिति, शोभायात्रा समिति व विजयदशमी पर्व को कराने वाली कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित नहीं रहे। बैठक के दौरान आधे से ज्यादा कुर्सियां खाली पड़ी रही ।ध्वनि विस्तारक यंत्र चार बार खराब हो गया जिससे वक्ता अपनी बात ठीक से नहीं रख पाए। बैठक के समाप्त होने के बाद कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक धीरज सिंह सोलंकी ने धामपुर कोतवाली के सभी हल्कों के दरोगाओं से वार्ता कर उनके क्षेत्र के ग्राम प्रधानों के उपस्थिति ने होने पर नाराजगी व्यक्त की। बैठक में अल्हैपुर प्रधान संघ की अध्यक्ष संध्या सिंह, शहर इमाम मुफ्ती मोहम्मद कमर कासमी, हाजी हसन खान, इंद्रजीत सिंह, प्रशांत चौहान, आदित्य चौहान एडवोकेट, ईश्वर सिंह, विमलेश देवी, पप्पू मंसूरी, डॉ. कमाल अहमद, मुकुल सैनी, शमीम अहमद फल वाले, संजय चौहान, पुष्पेंद्र सक्सेना, जावेद रहमान शम्सी, प्रधान विमलेश कुमारी, ममता सैनी ने भाग लिया। बैठक का संचालन इरशाद धामपुरी ने किया।



बैठक में विचार व्यक्त करते हुए डॉक्टर कमाल अहमद।

# डॉ. एनपी सिंह ने किया मनोज वाल्मीकि का सम्मान



**धामपुर ( चिंगारी )।** हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व संभाग प्रभारी एवं भाजपा नेता डॉ. एनपी सिंह ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग भारत सरकार का सदस्य मनोनीत होने पर मनोज बाल्मीकि का गुलदस्ता देकर सम्मान किया। इस अवसर पर उनके साथ कुंवर पाल सिंह ,सत्येंद्र सिंह, हिमांशु कुमार आदि भी मौजूद रहे। डॉ. एनपी सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार समाज के सभी वर्गों का सम्मान करती है, इसीलिए उसने सबका साथ सबका विकास के नारे को सार्थक करने का कार्य किया है। उनका कहना है कि मनोज बाल्मीकि को राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग का सदस्य बनाकर समाज के दलित वर्ग को सम्मान देने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि दलित समाज के मान सम्मान और स्वाभिमान के लिए वह हमेशा तत्पर रहेंगे।

# अब नहीं दिखाई देते लेटर बॉक्स

**धामपुर ( चिंगारी )।** भारतीय डाक विभाग द्वारा लोगों की डाक को एक स्थान से दूसरे स्थान पहुंचाने के लिए जगह-जगह लेटर बॉक्स लगाए गए थे, जिनमें से पोस्टमैन डाक निकालकर मुख्य डाकघर तक पहुंचाते थे, जहां से पोस्ट मास्टर उन्हें अलग-अलग स्थान पर भेजने की व्यवस्था करते थे। परंतु मोबाइल और सोशल मीडिया के इस दौर ने इन लेटर बॉक्स को शोपीस बनाकर रख दिया है। वैसे तो डाक विभाग ने नगर में अलग-अलग स्थानों पर लगे हुए लेटर बॉक्स को उतार कर कार्यालय में रख लिया है। इसके बावजूद नगर के फल चौराहे पर एक टेलीफोन के खंभे पर लटका हुआ लेटर बॉक्स आज भी डाक व्यवस्था की उस यादगार को जीवित रखे हुए हैं। परंतु यह लेटर बॉक्स अब जीर्णक्षीर्ण अवस्था में पहुंच गया है।



खंभे पर लटका हुआ लेटर बॉक्स।

# जेके एकेडमी में हुआ कला प्रदर्शनी का आयोजन

**धामपुर ( चिंगारी )।** जे.के. मॉडर्न एकेडमी में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, कलात्मक प्रतिभा एवं कल्पनाशीलता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'आर्ट एग्ज़ीबिशन (कला प्रदर्शनी)' का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपनी कला एवं कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रकार की कलाकृतियां, रंग-बिरंगे चित्र, आकर्षक पेंटिंग्स और मॉडल प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन जितेन्द्र चौहान ने कहा कि कला शिक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह बच्चों की कल्पनाशक्ति को विकसित करने के साथ-साथ उन्हें अपने विचारों को सुंदर एवं प्रभावशाली ढंग से व्यक्त करना सिखाती है। विद्यालय की एम.डी. श्रीमती कनक चौहान ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनियां बच्चों को अपनी छिपी हुई प्रतिभा पहचानने और उसे निखारने का अवसर प्रदान करती हैं।

# दो दिन में हो गईं दो बाइक चोरी

**धामपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र में बाइक चोरी की दो घटनाएं सामने आने से वाहन मालिकों की चिंता बढ़ गई है। एक घटना धामपुर रेलवे स्टेशन पर हुई, जहां काम करने वाले भुवनेश कुमार मीणा की बाइक 8 अक्टूबर को चोरी हो गई थी। वहीं, अब शेरकोट निवासी सरफराज की बाइक जीआरएम हॉस्पिटल के बाहर से गायब होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, शेरकोट के मोहल्ला नायक सराय निवासी सरफराज अपनी पत्नी को दवा दिलाने के लिए बाइक से धामपुर स्थित हॉस्पिटल आया था। सरफराज के मुताबिक, वह करीब डेढ़ घंटे बाद अस्पताल से बाहर निकला तो उसकी बाइक वहां नहीं मिली। उसने आसपास काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कोई पता नहीं चला। इससे पहले 8 अक्टूबर को रेलवे स्टेशन पर काम करने वाले भुवनेश कुमार मीणा की बाइक चोरी होने की घटना सामने आई थी।

# रामलीला बाग में 13 से होगा रामायण का प्रसारण

**धामपुर ( चिंगारी )।** श्री बाग रामलीला समिति, धामपुर द्वारा 13 अक्टूबर से नगीना मार्ग स्थित रामलीला बाग में रामानंद सागर कृत रामायण सीरियल का प्रसारण कराया जाएगा। समिति के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल कटका, महामंत्री मनोज जोशी , कोषाध्यक्ष सौरभ मित्तल ने बताया कि 15 अक्टूबर (बृहस्पतिवार) को श्री राम बारात शोभा यात्रा निकाली जाएगी तथा 20 अक्टूबर (मंगलवार) को विजयदशमी व रावण दहन तथा 21 अक्टूबर को राज्याभिषेक व लवकुश काण्ड के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा।

# होने वाली है रबी फसल की बुवाई नहरों-रजवाहों की होगी सफाई



रबी फसल से पूर्व नहरों की सिल्ट सफाई का निरीक्षण करते हुए अधिशासी अभियंता।

**धामपुर ( चिंगारी )।** रबी फसल की बुवाई को ध्यान में रखते हुए सिंचाई विभाग द्वारा क्षेत्र की नहरों एवं रजवाहों की वृहद स्तर पर सिल्ट सफाई का कार्य शुरू करने की योजना बनाई गई है। अफजलगढ़ सिंचाई खण्ड धामपुर के अधिशासी अभियंता अरूण सचदेव ने बताया कि सिंचाई विभाग का मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक नहर के अंतिम छोर पर स्थित किसानों के खेतों तक भी सिंचाई हेतु पर्याप्त मात्रा में पानी समय से पहुंच सके। सिल्ट सफाई के दौरान किसी भी स्थान पर कोई कमी न रहे, इसके लिए क्षेत्रीय कृषक बन्धुओं एवं जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन एवं सुझाव अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नहरें हमारी जीवन रेखायें हैं। इनकी सुरक्षा और संरक्षण करना हम सभी का दायित्व है। सभी के सहयोग से ही फसल सुरक्षा और जल वितरण की व्यवस्था को शत-प्रतिशत सफल बनाया जा सकता है।

# नवरात्रों के प्रथम दिवस मंदिरों में माता रानी के भक्त उमड़े

**धामपुर ( चिंगारी )।** शारदीय नवरात्र का आज पहला दिन होने के कारण मंदिर कालिया वाला तथा माता बाराही देवी शक्तिपीठ सहित नगर के मंदिरों में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। इस दौरान माता रानी के भक्तों ने मां को पावन चुनरिया तथा नारियल की भेंट अर्पित की। श्रद्धालु परिवारों ने उपवास भी रखा और माता रानी के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा अर्चना की। पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक धीरज सोलंकी के निर्देशन में मंदिर कालिया वाला परिसर में पुरुष एवं महिला पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था। इसके अतिरिक्त नगर पालिका परिषद धामपुर के अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह तथा अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला के विशेष निर्देशों के अंतर्गत नगर के सभी प्रमुख मंदिरों के बाहर विशेष सफाई अभियान चलाकर चूने आदि का छिड़काव भी कराया गया। रात्रि 7:30 बजे श्री गौरी शंकर मंदिर कमेटी खारी कुआं की ओर से अध्यक्ष अमित रस्तौगी तथा महासचिव वीर संजय कुमार जैन एवं कोषाध्यक्ष राहुल गुप्ता एडवोकेट के संयोजन तथा समिति के सहयोग से सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन उच्चारण कार्यक्रम खारी कुआं पर आयोजित किया गया है। इसके अलावा माता चामुंडा देवी मंदिर पर आज रात्रि 7 बजे से अध्यक्ष तथा नगर के समाजसेवी नरेश सैनी कैटर्स तथा महासचिव सुरेश कुमार सैनी सोनी आढ़ती के संरक्षण में माता रानी की विशाल चौकी का आयोजन किया जा रहा है।



शारदीय नवरात्रि

द्वितीय ब्रह्मचारिणी

मां के इस रूप से पूजन से मन विचलित नहीं होता और दीर्घायु प्राप्त होगी है। मां ब्रह्मचारिणी के रूप में सर्वव्यापी ब्रह्मंडीय चेतना का दूसरा स्वरूप नवरात्रि के दूसरे दिन भक्तों को आशीष देता है। ब्रह्म का अर्थ है वह परमचेतना, जिसका न तो कोई आदि है और न कोई अंत, जिसके पार कुछ भी नहीं है। ब्रह्मचारिणी के रूप में भक्त ध्यानमग्न होकर परमसत्ता की दिव्य अनुभूति करते हैं। साधना मं: ऊं देवी ब्रह्मचारिण्यै नम:







डा. मनोज वर्मा डा. शाश्वत वर्मा डा. एन.पी. सिंह
वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम
स्योहारा (बिजनौर)
20-धामपुर विधानसभा

जय माता दी

# नेता जी ने हमेशा मजलूमों के हक़ की लड़ाई लड़ी : स्वामी ओमवेश

**चांदपुर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक, भारत के पूर्व रक्षामंत्री एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव की चौथी पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया। डाक बंगले में नैन सिंह पाल की अध्यक्षता एवं नगर अध्यक्ष नाजिम खान के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में विधायक स्वामी ओमवेश ने कहा कि नेताजी ने हमेशा किसानों, मजलूमों, अल्पसंख्यकों की लड़ाई लड़ी है। इस अवसर पर चांदपुर क्षेत्र के जिला कमेटी में बने पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर व शाल ओढ़ाकर स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष चौधरी संसार सिंह, डॉ. लाखन सिंह पाल प्रदेश सचिव, चौधरी आदित्य वीर सिंह प्रदेश सचिव, संजय यादव प्रदेश सचिव, मोहसिन अंसारी, शकील पहलवान, आसिफ असलम, यूनुस ताऊ, शेख



रईस, मोमिन खान, बहार आलम, नईम अहमद, शेर आलम चांद, जुल्फिकार भूरे, कामरान अंसारी,अफसर खान, चौधरी आदेश, राजकुमार यादव, मोमिन खान, रूपराज चौहान, उस्मान अल्वी, चौधरी ब्रह्मपाल सिंह, चौधरी समरपाल सिंह, सरदार निछत्तर सिंह, बंटी यादव, कफिलउद्दीन, अनिल कुमार, दयाराम प्रधान, सत्येंद्र प्रधान, इदरीश प्रधान, जगदीश यादव, रविंद्र चौधरी, चंद्रपाल नेताजी, योगेंद्र गुप्ता चौधरी, ओंकार सिंह, ब्रह्मपाल सैनी, मनोज यादव, मामा सतसागर यादव, विजयपाल गोस्वामी, चौधरी धर्म सिंह, ताजिम प्रधान, अबरार मसीत, सुरेंद्र यादव, अरुण प्रधान, चंद्रपाल यादव, जगदीश यादव, गौतम यादव, जयवीर प्रधान, गजेंद्र सिंह, अफजल अज्जू, रिजवान खान आदि ने विचार रखे।

# बच्चों ने रिसॉर्ट में की मस्ती

**चांदपुर ( चिंगारी )।** द हेज़लमून स्कूल द्वारा कक्षा तीन से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों के लिए उत्तराखंड के रामनगर स्थित द मसाई मारा रिसॉर्ट एवं वाटर पार्क में एक दिवसीय भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ मनोरंजन, नई गतिविधियों का अनुभव और आपसी मेलजोल का अवसर प्रदान करना था। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने वाटर पार्क में विभिन्न प्रकार की वॉटर स्लाइड्स, वेव पूल, क्रेज़ी रिवर और अन्य जल गतिविधियों का आनंद लिया। इसके साथ ही बच्चों ने जिपलाइन, जॉइंट स्विंग, स्विंग चेयर, गो-कार्टिंग, एटीवी राइड्स और अन्य रोमांचक गतिविधियों में भाग लेकर उत्साहपूर्वक समय बिताया। बच्चों के लिए यह भ्रमण आनंद, उत्साह और यादगार अनुभवों से भरपूर रहा।



यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए मनोरंजन के साथ-साथ आपसी सहयोग, अनुशासन और नई गतिविधियों का अनुभव प्राप्त करने का एक यादगार अवसर बना।

# एसडीएम प्रशासन ने सुनीं जनसमस्याएं

## अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये

**नूरपुर ( चिंगारी )।** शनिवार को समाधान दिवस में नूरपुर पहुंची अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित ने जनसमस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये। इस दौरान क्षेत्र के गांव हसुपुरा निवासी रामकली ने शिकायती पत्र में बताया कि रिहायशी जमीन में रास्ते को लेकर उसका अपने ही परिजनों से विवाद है। पड़ोसियों ने उसके रास्ते पर अतिक्रमण कर रखा है। गांव मंडोरा निवासी जॉनी ने स्थानीय निवासीगण हिमांशु, पिंटू, बब्लू पर खेत की मेढ़ काटने की शिकायत दर्ज कराई। इसके अलावा गांव गांवड़ी पनियाला कर रास्ते पर विधायक निधि से हो रहे निर्माण कार्य को लेकर एक-दो लोगों पर पुस्ता न तोड़ने की शिकायत सामने आई। समस्याओं को सुनकर एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित ने राजस्व टीम को मौके पर भेजकर समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस तीन शिकायतों में से एक का मौके पर निस्तारण कर राजस्व और पुलिस टीम को मौके पर भेजकर मामले के पटाक्षेप का प्रयास कराए जाने के लिए निर्देश दिए गए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार पंकज राणा, राजस्व निरीक्षक हरिराज सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संतोष कुमार मिश्र, एसओ प्रवेज कुमार, एसएसआई देशराज तोमर, उपनिरीक्षक यशवीर सिंह, श्रीकांत सत्यार्थी, हलका लेखपाल, रविन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।



समाधान दिवस में जनसुनवाई करतीं एडीएम अंशिका दीक्षित।

# ई-रिक्शा दौड़ रही बेलगाम

## शहर की सड़कों पर लगता जाम

**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर में वर्तमान में नगर की सड़कों पर जहां सैकड़ों ई-रिक्शाएं दौड़ रही हैं, वहीं सामान खरीदने के लिए दुपहिया वाहन से आने वाले लोगों द्वारा अपने वाहन को बेतरतीब खड़ा कर दिया जाता है, जिसके कारण बाजार बजरिया से स्टेशन रोड पर अधिकतर समय जाम लगे रहने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। दोपहर के समय स्कूल वाहनों के मेन बाजार में आ जाने से तो जाम की समस्या बेहद गम्भीर हो जाती है। नगरवासियों ने प्रशासन से मेन बाजार में चलने वाली ई-रिक्शाओं की संख्या निर्धारित किये जाने की मांग की है, ताकि लोगों को जाम की समस्या से छुटकारा मिल सके।



## बहुआयामी प्रतिभा से दर्शकों के बीच विशिष्ट पहचान बनायी गुरूदत्त ने



बॉलीवुड इंडस्ट्री में गुरूदत्त को एक ऐसे बहुआयामी कलाकार के तौर पर जाना जाता है, जिन्होंने फिल्म निर्माण निर्देशन, नृत्य निर्देशन और अभिनय की प्रतिभा से दर्शकों को अपना दीवाना बनाया। 09 जुलाई, 1925 को कर्नाटक के बेंगलूरु शहर में एक मध्यम वर्गीय बाह्मण परिवार में जन्मे गुरूदत्त (वसंत कुमार शिवशंकर राव पादुकोण) का रुझान बचपन के दिनों से ही नृत्य और संगीत की तरफ था। उनके पिता शिवशंकर पादुकोण एक स्कूल में हेड मास्टर थे, जबकि उनकी मां भी स्कूल में ही शिक्षिका थीं। गुरूदत्त ने अपनी प्रांरभिक शिक्षा कोलकाता (तब कलकत्ता) शहर में रहकर पूरी की। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने की वजह से उन्हें मैट्रिक के बाद अपनी पढ़ाई छोड़ देनी पड़ी।



## जाह्नवी कपूर के ब्यूटी ब्रांड लॉन्च करने की अटकलें तेज

बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर के अपना ब्यूटी ब्रांड लॉन्च करने की अटकलें तेज हो गई हैं। जान्हवी कपूर की हालिया सोशल मीडिया पोस्ट में मेकअप के साथ प्रयोग करते और कुछ ब्यूटी प्रोडक्ट्स के साथ नजर आने के बाद इन चर्चाओं को हवा मिली है। जान्हवी की इस पोस्ट ने प्रशंसकों और ब्यूटी इंडस्ट्री में दिलचस्पी रखने वालों का ध्यान आकर्षित किया है।



## 72 वर्ष की हुईं अभिनेत्री रेखा

बॉलीवुड की जानी–मानी अभिनेत्री रेखा 72 वर्ष की हो गईं। 10 अक्टूबर 1954 को मद्रास में जन्मीं रेखा ( मूल नाम भानुरेखा गणेशन ) को अभिनय की कला विरासत में मिली। रेखा के पिता जैमिनी गणेशन अभिनेता और मां पुष्पावली जानी–मानी फिल्म अभिनेत्री थीं। घर में फिल्मी माहौल से रेखा का रूझान फिल्मों की ओर हो गया और वह भी अभिनेत्री बनने के ख्वाब देखने लगीं। रेखा ने अपने करियर की शुरूआत बाल कलाकार के रुप में वर्ष 1966 में प्रदर्शित तेलुगु फिल्म 'रंगुला रतनम' से की। रेखा ने अभिनेत्री के रूप में अपने करियर की शुरूआत कन्नड़ फिल्म 'गोदाली सी.आई.डी 999' से की। फिल्म में उनके नायक की भूमिका सुपरस्टार डा.राजकुमार ने निभाई थी। हिंदी फिल्मों में रेखा ने अनजाना फिल्म से अपने अभिनय की शुरूआत की। अरसे बाद यह फिल्म दो शिकारी के नाम से प्रदर्शित हुयी। फिल्म टिकट खिड़की पर असफल साबित हुयी। बतौर अभिनेत्री के रुप में उनके सिने करियर की शुरूआत 1970 में प्रदर्शित फिल्म 'सावन भादो' से हुई। फिल्म में उनके नायक की भूमिका नवीन निश्चल ने निभायी। वर्ष 1976 में प्रदर्शित फिल्म 'दो अनजाने' उनके करियर की महत्वपूर्ण फिल्म साबित हुयी। सही मायनों में अभिनेत्री के रूप में उनकी यह पहली फिल्म थी।




## 'कोण होणार करोड़पती' में पहली बार साथ नजर आएंगी माधुरी दीक्षित और सोनाली बेंद्रे

बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित और सोनाली बेंद्रे पहली बार एक साथ सोनी मराठी के शो 'कोण होणार करोड़पती' में नजर आएंगी। शो के ग्रैंड प्रीमियर में दोनों अभिनेत्रियां अपने फिल्मी सफर, निजी जिंदगी और दिलचस्प अनुभवों से जुड़े किस्से साझा करेंगी। 'कोण होणार करोड़पती' की शुरुआत सोमवार, 12 अक्टूबर से होगी। माधुरी दीक्षित इस बार शो की मेजबानी करती नजर आएंगी।



## 'नई नवेली' की अनोखी दुनिया ने यामी गौतम धर को किया आकर्षित



अभिनेत्री यामी गौतम धर ने कहा कि उनकी आगामी फिल्म 'नई नवेली' की अनोखी दुनिया और एक बड़े भारतीय परिवार से जुड़ी कहानी ने उन्हें इसकी ओर आकर्षित किया।

बालाजी मोहन के निर्देशन में बनी इस फैंटेसी पारिवारिक मनोरंजक फिल्म की कहानी हिमांशु शर्मा और दिव्य निधि शर्मा ने लिखी है। आनंद एल राय और हिमांशु शर्मा इसके निर्माता हैं। फिल्म 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यामी ने कहा कि अवस्थी परिवार के रिश्ते, छोटी–मोटी बहसें, आपसी अपनापन, मस्ती और एक–दूसरे के बारे में राय रखने की आदत ऐसी बातें हैं।

# मुख्यमंत्री से मिले कुलपति प्रो. अनिल कुमार राय

**बरेली ( चिंगारी )**। महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली के कुलपति प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ महाराज जी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर कुलपति प्रो. राय ने मुख्यमंत्री को प्रभु श्रीराम की प्रतिमा एवं अपनी कुछ पुस्तकें भेंट कर उनका अभिनंदन किया। यह मुलाकात प्रदेश में उच्च शिक्षा के विकास, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा भारतीय ज्ञान परंपरा को समकालीन शिक्षा व्यवस्था से जोड़ने के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रही। इस अवसर पर कुलपति प्रो. राय ने उच्च शिक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर मुख्यमंत्री जी का मार्गदर्शन प्राप्त किया। चर्चा के केंद्र में विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता को



बेहतर बनाने, शोध एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने, विद्यार्थियों में कौशल विकास की संभावनाओं को विस्तार देने तथा उच्च शिक्षा को समाज और राष्ट्र की आवश्यकताओं के अनुरूप

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, भारतीय ज्ञान परंपरा एवं उच्च शिक्षा के विकास पर हुई चर्चा**

विकसित करने जैसे महत्वपूर्ण विषय रहे। कुलपति प्रो. अनिल कुमार राय ने कहा कि उच्च शिक्षा केवल डिग्री प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों में ज्ञान, कौशल, नवाचार, नैतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। विश्वविद्यालयों का दायित्व है कि वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ अनुसंधान, उद्यमिता, तकनीकी नवाचार और भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन में भी प्रभावी भूमिका निभाएं।


# मिर्गी दौरे

**(मिर्गी के लक्षण)**

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





**डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'**
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

**डा. अर्सलान अय्यूब**
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



**(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)**

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

**45 वर्ष से आपकी सेवा में**

**मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र**
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423


## सीरतुन्नबी स.ल.व पर अमल से ही संवर सकती है जिंदगी

**अफ़ज़लगढ़ ( चिंगारी )**। तंज़ीम दावत इलल हक़ मानियावाला के तत्वावधान में इमामबाड़ा मानियावाला में अज़ीमुश्शान दीनी इजलास का आयोजन किया गया। इजलास में जमीयत उलेमा-ए-हिंद उत्तर प्रदेश के सदर एवं शैखुल इस्लाम हज़रत मुफ्ती मोहम्मद अफ्फान मंसूरपुरी ने विशेष खिताब फरमाया। इजलास में क्षेत्र के अलावा विभिन्न इल्मी व दीनी इदारों से जुड़े उलमा-ए-किराम ने शिरकत की। इजलास को खिताब करते हुए मुफ्ती मोहम्मद अफ्फान मंसूरपुरी ने सीरतुन्नबी स.ल.व के मुख्तलिफ पहलुओं पर रोशनी डाली। उन्होंने रसूल-ए-अकरम हज़रत मोहम्मद स.ल.व की मुबारक जिंदगी, आपके अखलाक-ओ-किरदार, हुस्ने मुआशरत, लेन-देन और तालीमात का जिक्र करते हुए कहा कि मुसलमानों को अपनी निजी और समाजी जिंदगी में सीरत-ए-तैयबा को रहनुमा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीरतुन्नबी स.ल.व महज सुनने और बयान करने का मौजू नहीं, बल्कि जिंदगी के हर शोबे में रहनुमाई हासिल करने का बेहतरीन जरिया है। रसूल-ए-पाक स.ल.व की तालीमात पर अमल करते हुए अपने अखलाक और किरदार को बेहतर बनाना, लोगों के साथ अच्छा सुलूक करना, समाज में भलाई को फरोग देना और दीनी उसूलों की हिफाजत करना हर मुसलमान की अहम जिम्मेदारी है। मुफ्ती मोहम्मद अफ्फान मंसूरपुरी ने कहा कि नबी-ए-करीम स.ल.व की मुबारक जिंदगी इंसान के लिए मुकम्मल नमूना है। आपकी सीरत में इंसान के निजी किरदार से लेकर समाजी जिंदगी, आपसी मुआमलात, पड़ोसियों के हक, कारोबार में ईमानदारी और जरूरतमंदों के साथ हमदर्दी तक हर पहलू के लिए रहनुमाई मौजूद है। मुसलमान अगर सीरत-ए-तैयबा को अपनी जिंदगी का हिस्सा बना लें तो समाज में अमन, भाईचारा और आपसी मोहब्बत को फरोग मिल सकता है।





## श्रीराम के आदर्शों को अपनाएं- सुशांत सिंह

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )**। ग्राम सीरवासुचंद/कासमपुर गढ़ी में पूर्व वर्षो की भांति बीती रात श्री रामलीला का मंचन प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के मांगलिक कार्यक्रम शिव मंदिर के पुजारी पं. वीरेंद्र प्रसाद बहुखंडी ने विधिवत रूप से सम्पन्न कराए। आदर्श श्री रामलीला समिति सीरवासुचंद/कासमपुर गढ़ी के संयोजन में शुरू हुए श्रीरामलीला मंचन का उद्घाटन क्षेत्रीय भाजपा विधायक कुंवर सुशांत सिंह ने फीता काटकर किया। उपस्थित श्रीराम भक्तों को सम्बोधित करते हुए कुंवर सुशांत सिंह ने भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार, कपिल चौहान, विरेंद्र चौहान, आदित्य चौहान, संदीप चौहान उर्फ सीमू, पवन कुमार, सुंदर चौहान, राजेश खन्ना, राजीव कुमार, राहुल कुमार व कुलदीप सिंह आदि कमेटी के पदाधिकारियों एवं उपस्थित गणमान्य लोगों ने विधायक सुशांत सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## नगर अध्यक्ष बने फैजान खान

**बिजनौर ( चिंगारी )**। न्यूज वन इंडिया के जिला प्रभारी फैसल खान ने अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति की सदस्यता ली है। इस अवसर पर उनका जोरदार स्वागत किया गया है। संगठन के जिला अध्यक्ष हाशिम अहमद ने बिजनौर में नगर इकाई का गठन करते हुए फैजान खान को नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला अध्यक्ष हाशिम अहमद ने बताया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जिग्नेश पटेल तथा प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह के नेतृत्व में जिले में सदस्यता अभियान जोर-शोर से चल रहा है।



## घरों में कलश स्थापना के बाद मां शैलपुत्री का लिया आशीर्वाद

**नांगल सोती ( चिंगारी )**। आज से शारदीय नवरात्रि का पवित्र पर्व प्रारम्भ हो गया है। श्रद्धालुओं ने घरों में माता रानी की चौकी की स्थापना करके आज पहले दिन मां दुर्गाजी के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा की। मंदिरों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ी। मां शैलपुत्री नवदुर्गाओं में प्रथम दुर्गा हैं। पर्वतराज हिमालय के घर पुत्री रूप में जन्म लेने के कारण इनका नाम शैलपुत्री पड़ा। मां शैलपुत्री की आराधना से जीवन में स्थिरता और दृढ़ता आती है। इनकी उपासना से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है और कन्याओं को उत्तम वर मिलता है। महिलाओं की पारिवारिक स्थिति अच्छी होती है तथा दाम्पत्य जीवन के कष्ट-क्लेश और बीमारियां मां शैलपुत्री की कृपा से दूर होती हैं। आज प्रथम दिन श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में व्रत-उपवास रखे। व्रत रखने के कारण फलों की खूब बिक्री हुई, जिससे फल विक्रेताओं के चेहरे खिले हुए दिखाई दिये। जबकि इससे पहले चुनरी, श्रीफल, नारियल, पान, सुपारी, धूपबत्ती, अगरबत्ती, पूजन विधि पुस्तिका आदि पूजन सामग्री की खूब बिक्री हुई। नवरात्रि के आगमन से वातावरण भक्तिमय हो गया है। नांगल में गंगा घट्टी के तट पर स्थित मां महाकाली मंदिर, चमेली वाले मंदिर, शीतला माता मंदिर, थाने के सामने स्थित मंदिर तथा मुख्य बाजार वाले मंदिर पर श्रद्धालु माता रानी की आराधना करने के लिये पहुंचे।



# अफ़ज़लगढ़ में रामलीला का भव्य शुभारंभ



श्रीरामलीला का उद्घाटन करते क्षेत्रीय विधायक कुंवर सुशांत सिंह।

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )**। शनिवार की रात्रि श्री रामलीला समिति अफजलगढ़ के तत्वावधान में प्रारंभ हुई श्रीराम लीला का क्षेत्रीय विधायक कुमार सुशांत सिंह ने फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने प्रांगण में मौजूद जनसमूह से भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने का आह्वान करते हुए भगवान श्री राम के चरित्र का वर्णन किया, जबकि वरिष्ठ समाजसेवी हरिश्चंद्र कर्णवाल ने भगवान श्री राम को मर्यादा पुरुषोत्तम बताते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने का आह्वान किया। वहीं इस दौरान सभी मांगलिक कार्य पंडित हिमांशु गौड़ द्वारा संपन्न किए गए। इस अवसर पर हरिश्चंद्र कर्णवाल, श्री रामलीला समिति के अध्यक्ष नितिन दिनेश कौशिक, अतुल कुमार अग्रवाल पंप वाले, अतुल कुमार जैन, शरद कर्णवाल, संजय जोशी, संदीप कर्णवाल, हिमांशु गौड़, अजय कौशिक, विकास जैन, विश्वास शर्मा, सौरभ अग्रवाल, मनोज बिश्नोई, मनोज चौधरी, रचित बंसल, अशोक शर्मा, विपुल जैन, अनुज वर्मा, महेश शर्मा, मयूर कौशिक, लव कौशिक, कुश कौशिक, विनय भार्गव, वैभव कौशिक आदि मौजूद रहे।

## बुजुर्ग की भक्ति देख लोग भावुक हुए

श्रीरामलीला के दौरान भगवान श्रीराम के प्रति एक बुजुर्ग की अटूट आस्था और श्रद्धा का भावुक कर देने वाला दृश्य देखने को मिला। जब तक श्रीरामलीला का पूरा कार्यक्रम चलता रहा तब तक एक बुजुर्ग प्रभु श्रीराम के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करते हुए पूरे कार्यक्रम में हाथ जोड़ बैठे रहे। उनके चेहरे पर झलकता भक्तिभाव और जुड़ी हुई हथेलियां मानो प्रभु के प्रति उनकी असीम आस्था की मौन अभिव्यक्ति कर रही थीं। यह दृश्य बताता है कि सच्ची श्रद्धा को शब्दों की नहीं बल्कि भावनाओं की आवश्यकता होती है। बुजुर्ग की भक्ति का यह अनूठा दृश्य वहां मौजूद लोगों के मन को छू गया।



# बिजनौर पहुंचे अनंत ओझा कार्यकर्ताओं का मन खोजा




## चुनावी तैयारियों पर दिया जोर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। मुख्य अतिथि प्रदेश सहप्रभारी अनंत ओझा रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भूपेंद्र बॉबी ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री नरेश भाटी ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और आगामी चुनावों की तैयारियों पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि अनंत ओझा ने कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेद भुलाकर एकजुटता के साथ काम करने का आह्वान किया। उन्होंने प्रत्येक बूथ पर पांच-पांच कार्यकर्ताओं की सूची तैयार करने, मंडल स्तर पर नियमित बैठकें करने और वरिष्ठ पदाधिकारियों से संपर्क बनाए रखने पर जोर दिया। इस दौरान क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर, जिला प्रभारी सतपाल सैनी, प्रदेश मंत्री दीपमाला संतोषी, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा रश्मि रावल, एमएलसी अशोक कटारिया, पूर्व सांसद भारतेन्दु सिंह सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने संगठन को मजबूत बनाने और आगामी चुनावों में पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया।

# महाराजा अग्रसेन की जयंती मनाई



**चांदपुर ( चिंगारी )।** अग्रवाल सभा चांदपुर के तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन की 5150वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर हवन हुआ तथा कल 12 अक्टूबर की शाम को सरगम सिनेमा से महाराजा अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी तथा उसके बाद हिन्दू इंटर कालेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। आज सुबह हिन्दू इंटर कालेज में महाराजा अग्रसेन जयंती पर हवन हुआ। हवन में सर्वश्री इं. अरविन्द मित्तल, कृष्णअवतार बैंकर्स, नरेश गोयल, नवीन अग्रवाल, आकाश मित्तल, सुधीर अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# रूस में नौकरी दिलाने के नाम पर 1.20 लाख की ठगी

## फ़र्ज़ी वीजा देने का आरोपी गिरफ़्तार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रूस में नौकरी दिलाने का झांसा देकर दो युवकों से एक लाख 20 हजार रुपये की ठगी करने और फर्जी वीजा देने के आरोपी को अफ़जलगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर युवकों के मूल पासपोर्ट अपने पास रखने और रुपये वापस मांगने पर धमकी देने का भी आरोप था। पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण गौतम रॉय ने बताया कि ग्राम बुढेरन निवासी मौहम्मद जुल्फकार पुत्र मौहम्मद इकबाल ने 10 सितंबर 2026 को थाना अफजलगढ़ में तहरीर देकर बताया था कि ग्राम जिकरीवाला निवासी नाजिम अली पुत्र शौकत ने उसे और उसके मित्र मौहम्मद फैसल को रूस में नौकरी दिलाने का झांसा दिया था। आरोप है कि विदेश भेजने के नाम पर दोनों से कुल 1 लाख 20 हजार रुपये ले लिए गए और उनके मूल पासपोर्ट भी अपने पास रख लिए गए। आरोपी नाज़िम ने निर्धारित समय में दोनों युवकों को रूस नहीं भेजा गया। इसके बाद आरोपी ने उन्हें फर्जी वीजा भेज दिए। जब युवकों ने अपने रुपये और पासपोर्ट वापस मांगे तो आरोपी कथित तौर पर टालमटोल करने लगा और उन्हें धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। मामले में कार्रवाई करते हुए अफ़जलगढ़ पुलिस ने 10 अक्टूबर 2026 को आरोपी नाजिम अली को गिरफ्तार कर लिया।

### मकान बनाने में खर्च कर दिए ठगी के रुपये

**पूछताछ में आरोपी ने फर्जी एजेंट के रूप में काम करने और दोनों युवकों से विदेश भेजने के नाम पर 1 लाख 20 हजार रुपये लेने की बात स्वीकार की। आरोपी ने बताया कि उसने प्राप्त रकम अपने मकान के निर्माण में खर्च कर दी।**

# 70 साल का शेर, 3 साल की बच्ची के साथ छेड़छाड़ में गिरफ्तार



**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के एक गांव में दो दिन पहले 3 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म का प्रयास करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है। थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने पड़ोस के ही 70 वर्षीय शेर सिंह पर अपनी तीन वर्षीय मासूम पुत्री के साथ दुष्कर्म करने के प्रयास की तहरीर बढ़ापुर पुलिस को दी थी। स्थानीय पुलिस द्वारा नामजद आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर क्षेत्र से गिरफ्तार कर उसका पॉक्सो एक्ट में चालान कर दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार तोमर ने बताया कि शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है।






# मतदाता सूची से कटे नामों का होगा दोबारा सत्यापन, घर-घर जाएंगे बीएलओ

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने और प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों के क्रम में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ), विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-22 बिजनौर, सुश्री स्मृति मिश्रा ने बीएलओ सुपरवाइजरों के साथ बैठक कर अभियान की तैयारियों और कार्ययोजना के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिये।

बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची से विलोपित किए गए नामों का दोबारा सत्यापन कराने पर विशेष जोर दिया गया। इसके लिए सभी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को अपने-अपने मतदेय स्थलों की विलोपित प्रविष्ठियों की सूची के साथ घर-घर जाकर सत्यापन करने के निर्देश दिए गए। सत्यापन के दौरान पात्र पाए जाने वाले मतदाताओं के नाम नियमानुसार दोबारा सूची में शामिल कराने की कार्रवाई की जाएगी।

### नये और युवा मतदाताओं के पंजीकरण पर जोर

अभियान के तहत नये मतदाताओं, युवाओं और पहली बार मतदान के लिए पात्र लोगों का पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों से अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्यवाही पूरी करने को कहा गया।

### पात्र का नाम जुड़े, अपात्र प्रविष्टि हटे

ईआरओ स्मृति मिश्रा ने अभियान का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल होना चाहिए और किसी भी अपात्र प्रविष्टि को सूची में बनाए नहीं रखा जाना चाहिए। अभियान के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से वंचित न रहे।



# या देवी सर्व भूतेषु ...





## शारदीय नवरात्र का शुभारंभः मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, गूंजे माता के जयकारे

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शारदीय नवरात्र के पहले दिन जिलेभर में माँ दुर्गा की भक्ति और उल्लास का माहौल रहा। शहर के प्रमुख कालिका मंदिर और माँ चामुंडा मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। माता रानी के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए भक्तों के पहुंचने का सिलसिला दिनभर जारी रहा। कालिका मंदिर में सुबह करीब छह बजे से ही महिला, पुरुष और बच्चों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचने लगे। भक्तों ने माँ के दरबार में माथा टेककर पान, सुपारी, नारियल, चुनरी और अन्य पूजन सामग्री अर्पित की। विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की। मंदिर परिसर में गूंजते माता रानी के जयकारों से पूरा वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।



नवरात्र के पहले दिन मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कई भक्तों ने व्रत रखकर माँ की आराधना की और अपने परिजनों के लिए सुख-शांति की प्रार्थना की। दिनभर मंदिरों में दर्शन-पूजन का क्रम अनवरत चलता रहा।

उधर, माँ चामुंडा मंदिर में भी सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने माँ चामुंडा के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा की और उनसे समृद्धि व शांति का आशीर्वाद मांगा। जिले के इन दोनों प्रमुख मंदिरों में उमड़ी भारी भीड़ ने नवरात्र के शुभारंभ को बेहद खास बना दिया।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शारदीय नवरात्र में माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की नौ दिनों तक पूजा की जाती है। नवरात्र के पहले दिन माँ शैलपुत्री की आराधना का विशेष विधान है। भक्त नौ दिनों तक व्रत रखकर और नियमों के अनुसार पूजा-अर्चना कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

## महिलाओं व स्टूडेंट को दी गई शासन की योजनाओं की जानकारी

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** विलेज डवलपमेंट सोसाइटी की ओर से अध्यक्ष मधु माहेश्वरी व राजबहादुर ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह व चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने महिलाओं व स्टूडेंट को शासन की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एसडीओ अतुल कुमार ने महिलाओं को पेंशन के बारे में पूरी जानकारी दी। इस मौके पर आशा रज़ा, राजबाला शर्मा, जरीफन, विभा माहेश्वरी, बबीता, हिना अग्रवाल, उमा, मृदुला, अश्वनी चौहान, सुनीता कुशवाहा, निशी, अनम, सना आदि मौजूद रहे।

## दीन के रास्ते पर चलो, इसी में कामयाबी- मुफ्ती अफ़फ़ान



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** दीन के रास्ते पर चलो इसी में हम सबकी भलाई और कामयाबी है। यह बात मशहूर आलिम-ए-दीन हजरत मौलाना मुफ्ती सैयद मौ. अफ्फान ने मानियावाला में तंजीम दावत-ए-इलल हक के जेर-ए-अहतमाम मुनअकिद इस्लाही इजलास में कहीं। उन्होंने सुनहरे मुस्तकबिल के लिए अपने बच्चों को तालीम दिलाने और कुरान-ओ-हदीस की रोशनी में जिंदगी गुजारने की नसीहत की। मौलाना नईम अहमद की सदारत व कारी जुबेर की निजामत में मुनअकिद इस इस्लाही इजलास का आगाज कारी हसीबुर्रहमान की तिलावत-ए-कुरआन व मिर्जा मौ. अनस की नात-ए-पाक से हुआ जिसके आखिर में मुल्क-ओ-कौम की तरक्की, खुशहाली व अम्न-ओ-अमान की दुआओं के साथ प्रोग्राम का इख्तेताम हुआ। प्रोग्राम में मौलाना असलम, मौलाना महमुदुल हसन अंसारी, मौलाना हसीबुर्रहमान, कारी मौ. तय्यब, हाफिज इदरीस, कारी अय्यूब, मुफ्ती रियाजुद्दीन, मौलाना उमेर, मौलाना अजीम व कारी अली हुसैन वगैरा की मौजूदगी काबिल-ए-गौर रही।

# ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने किया रामलीला का शुभारंभ

**झालू ( चिंगारी )।** नगर में बीती रात्रि श्री रामलीला नाटक समाज के बैनर तले रामलीला मंचन का शुभारंभ रामलीला मैदान में हुआ। मंचन का शुभारंभ सदर विधायक पति ऐश्वर्य मौसम चौधरी एडवोकेट ने दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर किया। अपने संबोधन का शुभारंभ मौसम एडवोकेट ने जय श्री राम के उदघोष के साथ करते हुए सभी से श्री राम के जीवन से शिक्षा लेते हुए चरित्रवान बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को पढ़ाई और खेल कूद में आगे आने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं को मोबाइल के ज्यादा उपयोग को गलत बताते हुए कहा कि युवा मोबाइल के चक्कर में अपने आपको पीछे धकेल रहे हैं। हमें आगे बढ़ना होगा और मोबाइल से दूरी बनाते हुए अपने शारीरिक विकास पर ध्यान देना होगा। उन्होंने छोटे बच्चों द्वारा किए जा रहे अत्यधिक मोबाइल उपयोग पर भी चिंता व्यक्त की।



मौसम चौधरी को सम्मानित करते हुए रामलीला समिति के पदाधिकारी।

मौसम एडवोकेट ने हर ग्राम पंचायत में स्टेडियम बनाने का कार्य विधायक निधि से कराने की भी बात कही। वहीं उन्होंने जिला बिजनौर में एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी होने की भी जरूरत बतायी, ताकि युवा पीढ़ी आगे बढ़ सके। वहीं मोदी-योगी सरकार की तारीफ करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की तथा अन्य उपलब्धियां गिनवाई।

### रामलीला मैदान की बदलेगी सूरत

मौसम एडवोकेट ने कहा कि पिछले वर्ष जब मैं आया था तब रामलीला के मंच के जीर्णोद्धार का वादा किया था, मैंने अपना वादा पूरा किया है, अब मैं वादा करके जा रहा हूं कि अगली रामलीला में इस रामलीला मैदान की सूरत भी आपको बदली हुई मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह ने व मंच का संचालन शिवम अग्रवाल एडवोकेट द्वारा किया गया। इस मौके पर रामलीला नाटक समाज के अध्यक्ष अनुज चौधरी, उपप्रधान राहुल चौधरी, रामलीला समिति के अध्यक्ष पिंकू चौधरी,ललित डबास,अनंत चौधरी ( अध्यक्ष हृदयानंद सार्वजनिक इटर कॉलेज ), योगेश राणा, लोकेंद्र मास्टर साहब, सुधीर कुमार, भूपेंद्र सिंह रायसाहब, महेंद्र धीमान, दिनेश शर्मा, डॉ. जीसी राय बंगाली, अभय सिंह एडवोकेट, राजीव सिंह एडवोकेट, उमंग काकरान एडवोकेट, बंटी एडवोकेट, विजय अग्रवाल डैनी, राकेश अग्रवाल, हर्षवरूप सिंह सभासद, सौरभ गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।



रामलीला मंचन का शुभारंभ करते हुए मौसम चौधरी।

# 'दिशा' में मनाया गया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

## क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**धामपुर ( चिंगारी )।** दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, तनाव प्रबंधन तथा सकारात्मक जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। यह कार्यक्रम दिशा इन्स्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी व माइक्रोलॉजी विभाग के सोजन्य से आयोजित किया गया।




कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि मानसिक स्वास्थ्य हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। पढ़ाई, परीक्षा एवं व्यक्तिगत जीवन में होने वाले तनाव को नियंत्रित करने के लिए योग, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और सकारात्मक सोच आवश्यक है। विद्यार्थियों को यह भी समझाया गया कि मानसिक परेशानी होने पर अपनी समस्याओं को साझा करना और आवश्यकता पड़ने पर विशेषज्ञ की सहायता लेना महत्वपूर्ण है।

महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास तब ही संभव है, जब वे शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक रूप से भी स्वस्थ हों। संयुक्त सचिव श्री अनिरूद्ध अग्रवाल ने कहा कि विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हमें यह संदेश देता है कि मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना अत्यंत आवश्यक है।

प्राचार्य डॉ. विमल कुमार भारती ने कहा कि विद्यार्थियों को परीक्षा एवं शैक्षणिक गतिविधियों के दौरान तनाव से बचने के लिए समय प्रबंधन, नियमित अध्ययन और आत्मविश्वास पर ध्यान देना चाहिए। मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विद्यार्थियों की एकाग्रता एवं कार्यक्षमता बढ़ाने में सहायक होती है। मंच का संचालन फार्मेसी विभाग की शिक्षक-शिक्षिका ललित कुमार व समरीन आलम ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षकगण, कर्मचारी, नितीश कुमार, अक्षय वर्मा, जौली चौहान, मोनू कुमार, ललित कुमार, सुनैना राजपूत, अंजली, गौतम, वैभव कटारिया, आकांक्षी, जसवन्त सिंह, नेहा चौहान, हर्षित चौधरी, लव कुमार, समरीन आलम, रजनीश कुमार, एवं फार्मेसी के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# शहीद पितरों को दी गई श्रद्धांजलि



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानियों की एक बैठक आईएसबीटी परिसर ऋषिकेश स्मारक भवन में आहूत की गई। बैठक में श्राद्ध पक्ष की पितृ अमावस्या के दिन शहीद पितरों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा भगवान से प्रार्थना की गई इनको अपने चरणों में स्थान दो उत्तराखंड प्रदेश की खुशहाली तथा देश की खुशहाली के लिए भी उनसे याचना की गई। उक्त अवसर पर समिति के अध्यक्ष डीएस गुसाईं, गंभीर मेवाड़, हुकम सिंह पोखरियाल, युद्धवीर सिंह चौहान, चंदन सिंह पवार, राजेश शर्मा, बृजेश डोभाल, रामेश्वरी चौहान, अंजू गैरोला, रविंदर कौर, यशोदा नेगी, शकुंतला नेगी, चीता कंडवाल, सरोजिनी, शकुंतला देवी, भवानी मैहर, कमला रौतेला, कमला पोखरियाल, कमल बिष्ट, रोशनी रथी, माया बिष्ट आदि उपस्थित थे।

# कई गांवों को जोड़ने वाला रस्ता, हालत हो गई खस्ता



अनवर हुसैन | बृजेश कुमार त्यागी | शुशेन कुमार | अवधेश कुमार | प्रमोद त्यागी

**खासपुरा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के पांच गांवों खासपुरा, महदूद नसो, सदनपुर, और नायक नगला, को जोड़ने वाला मुख्य कच्चा रास्ता पूरी तरह बदहाल हो चुका है। बड़े-बड़े गड्ढों और कीचड़ के कारण किसानों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों में जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के बाद से रास्ता और भी खराब हो गया है। गन्ने का सीजन शुरू होने वाला है, ऐसे में गन्ने की भरी ट्रॉलियां निकालना मुश्किल होगा।

## ग्रामीणों ने बताया दर्द

किसान बृजेश कुमार त्यागी- इसी टूटे रास्ते की वजह से पिछले महीने मेरे दो बैल खत्म हो गए हैं। लाखों का नुकसान हो गया, पर कोई सुनवाई नहीं। किसान पवन कुमार- कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं है। किसान पवन त्यागी- हम कई बार इस कार्य के लिए जनप्रतिनिधि से कह चुके हैं, लेकिन सिर्फ आश्वासन मिलता है। पूरा रास्ता कीचड़ से भरा है। किसान शुशेन कुमार- कई बार शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से गुहार है कि हमारा यह रास्ता बनवाकर किसानों को राहत दें। चौधरी अवधेश कुमार- रास्ते पर बाइक भी नहीं निकल सकती गन्ने को लेकर ट्राली बजरी कैसे निकलेगी। अगले कुछ दिनों बाद गन्ने की ट्राली या बजरी लेकर जाना है, रास्ते को लेकर किसानों के लिए चिंता बनी हुई है। वहीं जिला पंचायत सदस्य का कहना है कि इस रास्ते का प्रस्ताव 6 महीने पहले ही बनाकर भेज दिया गया है। जैसे ही टेंडर पास होगा, तुरंत काम शुरू करा दिया जाएगा।

# चक गढ़ी में हुआ नाइट वॉलीबाल टूर्नामेंट

**छाछरी मोड़ ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव चक गढ़ी में गत रात्रि नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ पूर्व प्रमुख और भाजपा के जिला मंत्री वरिष्ठ नेता विनोद कुमार राठी ने फीता काट किया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना और प्रेम भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। बल्दिया, अंगाखेड़ी, रेहरा, हल्दौर, धरमपुर, सिकंदरी, फतेहपुर कलां, छाछरी टीप, भैरा, कमालपुर आदि गांव के खिलाड़ियों ने भाग लिया। वॉलीबॉल टूर्नामेंट में प्रथम स्थान पर कमालपुर रहा, जिसको 4100 रुपए नगद पुरस्कार और द्वितीय स्थान पर गिलाडी रहा, जिसको 3100 रुपए नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बलवीर सिंह, ओमपाल सिंह डीलर, दीपू सिंह, गोपाल धीमान, मीडिया प्रभारी भाजपा, पूर्व मंडल अध्यक्ष परविंदर सिंह, प्रधान निपेंद्र सिंह राठी, हरवीर सिंह महामंत्री भाजपा विकास कुमार, नितिन कुमार, दिलीप सिंह, प्रशांत विनीत, रजत, सोनिका आदि उपस्थित रहे। टूर्नामेंट का आयोजन भाजपा नेता रवि कुमार देशवाल की देखरेख में पूरी रात्रि चला और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



टूर्नामेंट का उद्घाटन करते हुए विनोद राठी।

# शिखर शिशु सदन में एक दिवसीय अवेयरनेस कार्यशाला का आयोजन

## वित्तीय योजनाओं की जानकारी दी

**धामपुर ( चिंगारी )।** में रोटरी क्लब धामपुर रॉयल्स के सौजन्य से शिखर शिशु सदन की दोनों ब्रांच में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें फाइनेंशियल लिटरेसी एवं साइबर फ्रॉड अवेयरनेस जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर खतौली से आई सीबीएसई की रिसॉर्स पर्सन एवं रोट्रेक्ट क्लब उड़ान की प्रेसिडेंट नित्या अग्रवाल ने अनेक प्रकार की वित्तीय योजनाएं, बचत के प्रकार एवं इन्वेस्टमेंट पॉलिसी के बारे में सभी स्टाफ मेंबर्स को जानकारी दी। इसके साथ ही वर्तमान समय में होने वाले साइबर फ्रॉड के तरीके और उनसे बचने के उपाय भी विस्तृत रूप से समझाए। रोटरी क्लब धामपुर रॉयल्स के अध्यक्ष मयंक अग्रवाल, सचिव पराग अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल , वैभव अग्रवाल एवं ऋषभ जैन के साथ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरएलआई के




चेयरमैन श्री सुनील गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आज के सामाजिक परिदृश्य में फाइनेंसियल लिटरेसी को एक महत्वपूर्ण आवश्यकता बताया। इसके पूर्व में शिखर शिशु सदन सी.से. स्कूल में सुश्री नित्या अग्रवाल एवं नारायणी अग्रवाल का विद्यार्थियों के द्वारा बुके प्रदान करके स्वागत किया गया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या भारती सिंह ने सुश्री नित्या अग्रवाल के द्वारा साइबर फ्रॉड से बचने के उपायों की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। शिखर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के डायरेक्टर डॉ. शेखर अवस्थी ने कार्यशाला के कुशल आयोजन की प्रशंसा करते हुए शिखर ग्रुप के शिक्षक /शिक्षिकाओं को साइबर फ्रॉड से बचने के लिए मोबाइल कॉल पर सावधानी बरतने की सलाह दी। कार्य शाला के आयोजन में उपप्रधानाचार्य देवेश गहलौत, सीनियर कॉर्डिनेटर पलक मित्तल के अलावा आर.एन. सिंह, अंकित सिसोदिया, सतनाम सिंह, संजय वर्मा, आयुष राजपूत, उपेंद्र कुमार, मनीषा त्यागी, रीता वर्मा, विपिन कुमार, कृष्ण प्रकाश एवं केशव कुमार का योगदान रहा।

# नजीबाबाद में धूमधाम के साथ निकाली गई भव्य कलश व शोभायात्रा

## शोभायात्रा में शमिल सुंदर झांकियों ने सभी का मनमोहा



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर में श्री नव दुर्गा महाकाली मंदिर समिति, मालनी तट (टीला), नजीबाबाद द्वारा 32 वीं भव्य कलश व शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शनिवार को भव्य कलश व शोभा यात्रा रेलवे स्टेशन शिव मंदिर से प्रारंभ होकर देर रात नवदुर्गा महाकाली मंदिर टीला पर पहुंचकर संपन्न हुई। कलश यात्रा में 1100 कन्याएं व 2100 महिलाएं अपने सिर पर कलश रखकर शामिल रही। रात्रि में निकाली गई श्री भव्य शोभायात्रा में सुंदर-सुंदर झांकियां, बैंड बाजे, अखाड़े मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। श्री महाकाली की शोभायात्रा से पूरा नगर माता के जयकारों से गूंज उठा। शोभायात्रा में शामिल सुंदर झांकियों ने सभी का मनमोह लिया। शोभायात्रा में कई अखाड़े व बैंडों की धुन पर बजते धार्मिक गीत पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गये। शोभायात्रा का अनेक स्थानों पर स्वागत किया गया। शोभायात्रा को देखने के लिए नगर के साथ आसपास के क्षेत्रों के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम में श्री नव दुर्गा महाकाली मंदिर समिति, मालनी तट (टीला), नजीबाबाद के संस्थापक व व्यवस्थापक पवन कुमार अग्रवाल, पन्ना लाल अग्रवाल, संरक्षक ठाकुर हरेंद्र सिंह राजपूत, राजीव गुप्ता, प्रधान विवेक अग्रवाल (नैनू), सरदार परविंदर सिंह, सुनील ग्रोवर, अभिषेक यादव, उदय सिंह, नीरजपाल, अभिषेक गुप्ता, बंटी सहित समिति के काफी संख्या में पदाधिकारी व सदस्यों का सहयोग रहा। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सीओ सुनील कुमार व थाना प्रभारी अमित कुमार के नेतृत्व में भारी पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

## गायत्री शक्तिपीठ पर पितृ विसर्जन अमवस्या पर सामूहिक तर्पण संस्कार

नजीबाबाद (चिंगारी)। गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के गायत्री परिवार के 16 जनपदों के जोनल कार्यालय गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद में सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या के पावन दिन सामूहिक श्राद्ध तर्पण संस्कार सम्पन्न कराया गया। गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ0 दीपक कुमार ने कहा कि वास्तव में पूर्वजों की यश गाथा को आगे बढ़ाने वाले कार्य करने का संकल्प ही श्राद्ध तर्पण संस्कार है। यह दिन अपने उन महान पूर्वजों के प्रति अपनी कृतज्ञता व आभार व्यक्त करने का है जिनके त्याग व तपस्या की वजह से आज हम इस मुकाम पर खड़े हैं। सनातन धर्म में माता-पिता व पूर्वजों को देवताओं से भी उच्च स्थान दिये जाने की परम्परा है। पितृ दोष का वास्तविक अर्थ अपने पूर्वजों के संस्कारों व उनके द्वारा समाज के प्रति किये गए कार्यों को भूल जाना है। श्राद्ध पक्ष में गाय, कुत्ता, कौआ, देव व चींटी के लिए भोजन निकालने से तात्पर्य हमारे ऋषियों के प्रकृति के हर जीव का संरक्षण करने का भाव है। पूर्वजों की स्मृति में पीपल, बरगद, नीम, आदि वृक्ष लगाने व पर्यावरण को शुद्ध रखने के संकल्प लिए गए। डॉ0 दीपक कुमार ने देव तर्पण, ऋषि तर्पण, दिव्य मानव तर्पण, दिव्य पितृ तर्पण, यम तर्पण, मनुष्य पितृ तर्पण 6 तर्पण द्वारा माता एवं पिता दोनों ही पक्षों के दादा-दादी, परदादा-परदादी, नाना-नानी, परनाना-परनानी के लिए तर्पण एवं 12 पिण्ड दान समर्पित कराए। गायत्री शक्तिपीठ अध्यक्ष कमल शर्मा, सचिव जितेन्द्र सिंह, ट्रस्टी हरीश शर्मा, राजभटनागर, ओमपाल सिंह, दिनेश राजपूत, एचपी गुप्ता, सत्यपाल राजपूत, छत्रपाल सिंह, विजय सिंह, सुरेन्द्र सिंह, सुमन वर्मा, कामेश शर्मा, पुष्पा शर्मा, रेखा चौहान, प्रभा आदि ने सामूहिक तर्पण संस्कार सम्पन्न किया।

## श्री रामलीला मंडल ने नगर में निकाली श्रीराम की भव्य बारात

नजीबाबाद (चिंगारी)। श्री रामलीला मंडल नजीबाबाद के तत्वावधान में नगर में श्री राम की भव्य बारात बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। श्रीराम बारात नगर के रेलवे स्टेशन स्थित शिव मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए टीला मंदिर स्थित रामलीला मैदान में जाकर संपन्न हुई। बारात के दौरान पूरा नगर राममय हो गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर श्री राम की बारात का स्वागत किया। रामलीला मैदान पहुंचने के बाद श्री रामायण पाठ के आयोजन के बाद श्रीराम की महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया। श्री राम बारात में आकर्षक झांकियां, बैंड, बैनर, बैंड, घोड़े आकर्षण का केंद्र रहे। अयोध्या रामलला (स्वरूप), बग्गी गुरु वशिष्ठ व विश्वामित्र, डीजे, राजस्थानी नृत्य, बग्गी दशरथ सुमंत, झाँकी लक्ष्मी नारायण (हनुमान रूप) झाँकी शेरावाली माँ नृत्य नासिक ढोल, बग्गी-राम लक्ष्मण डीजे, अघोरी नृत्य नंदी, बग्गी भरत शत्रुघ्न, झांकी-बांके बिहारी नृत्य आदि शामिल रहा। संरक्षक अक्षत कुमार अग्रवाल, निर्देशक हरिओम सिंघल व मंत्री नरेंद्र कुमार शर्मा के दिशा-निर्देश में इस वर्ष श्री रामलीला का मंचन बड़े ही भव्य व सुंदर तरीके से किया जा रहा है।





## भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी हरीश ठाकुर से मिले अवनीश अग्रवाल टांडे वाले

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह प्रभारी हरीश ठाकुर के बिजनौर स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचने पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय भाजपा नेता अवनीश अग्रवाल टांडे वाले ने प्रदेश सह प्रभारी से मुलाकात कर परिचय प्राप्त कर उनका स्वागत किया। अवनीश अग्रवाल टांडे वाले की प्रदेश सह प्रभारी से मुलाकात कर संगठनात्मक संपर्क की दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस अवसर पर पार्टी संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में परिचय बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश मंत्री दीपमाला संतोषी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुभाष वाल्मीकि, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव सिसोदिया, क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी सहित जिले के अनेक वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## किसानों ने नजीबाबाद में कथित अवैध क्लीनिकों पर कार्रवाई को दिया ज्ञापन

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन (प्रगति) ने नजीबाबाद क्षेत्र व आसपास के ग्रामीण इलाकों में कथित रूप से संचालित अवैध क्लीनिकों एवं झोलाछाप डॉक्टरों पर स्वास्थ्य विभाग से सख्त कार्रवाई की मांग को ज्ञापन दिया गया। संगठन के मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष चौधरी जसवंत सिंह ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बिजनौर को दिये शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि क्षेत्र के कुछ क्लीनिकों में बिना वैध चिकित्सा योग्यता व आवश्यक पंजीकरण के मरीजों का उपचार किया जा रहा है। संगठन का कहना है कि इस तरह की गतिविधियों से ग्रामीण मरीजों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ सकता है। भारतीय किसान यूनियन प्रगति ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि विशेष जांच दल गठित कर संबंधित क्लीनिकों के दस्तावेजों, चिकित्सकीय योग्यताओं व पंजीकरण की जांच कराई जाए। जांच में अनियमितताएं पाए जाने पर नियमानुसार क्लीनिक सील करने सहित सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। 10 दिनों के भीतर शिकायत पर उचित कार्रवाई नहीं होने पर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी गई। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष मोनू चौधरी, मुरादाबाद मंडल महासचिव महमूद रज़ा, दीपांशु, विकास, जसवंत, जहांगीर, साजिद, संजय, असलम, फखरुद्दीन, अरविंद उपस्थित रहे।



## वालिया ग्लोबल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

नजीबाबाद (चिंगारी)। वालिया ग्लोबल एकेडमी, नजीबाबाद में अभिभावक शिक्षक गोष्ठी (पीटी एम) एवं विज्ञान प्रदर्शनी अभिकल्पना-डिजाइन द फ्यूचर का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय के प्रबंधक रमाकांत वालिया एवं अभिभावक राहुल खन्ना ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। प्रधानाचार्य अनिता सिवाच ने सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर छात्रों ने विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रकार के मॉडल, चार्ट एवं डार्क रूम में अंतरिक्ष भवन में सौर मंडल का प्रदर्शन किया। मौहम्मद अहमद मिर्जा, आरवी, शगुन, अरहम, सार्थक ने वायरलेस पॉवर ट्रांसमिशन मॉडल के माध्यम से रेल दुर्घटनाओं में कैसे कमी लाई जा सकती है, यह दर्शाया। कक्षा 7 ब की छात्राओं जाह्नवी आर्या, भान्या, पवनी व 12 वीं के जसकरन व सार्थक ने इनर्जी एफीसिएंट स्मार्ट सिटी का मॉडल प्रस्तुत किया। कक्षा 8 बी की आरोही व गौरखी ने फ्री इनर्जी यूजिंग वाटर व्हील के मॉडल से ऊर्जा बचाने की उपयोगिता दिखाई। छात्र छात्राओं ने कुल 28 मॉडल व उनकी क्रियाविधि प्रस्तुत की। विद्यालय के प्रबंधक रमाकांत वालिया ने कहा कि विज्ञान ही प्रगति का आधार है। विज्ञान से तर्कशक्ति बढ़ती है व मानव जीवन सुगम बनता है। प्रधानाचार्य अनिता सिवाच ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन कर बच्चों की मेहनत की भूरि-भूरि प्रशंसा की।




## महादेवपुरम के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध

# डॉ. बीरबल सिंह ने किया कॉलोनी का दौरा

बिजनौर (चिंगारी)। महादेवपुरम कॉलोनी के सर्वांगीण विकास की दिशा में रविवार को एक महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली। रविवार को वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. बीरबल सिंह ने समस्त महादेवपुरम कॉलोनी का भ्रमण कर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं का स्वयं निरीक्षण किया तथा कॉलोनीवासियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान सड़कों का निर्माण एवं सुधार, नालों की व्यवस्था, पार्कों का सौंदर्यीकरण, मंदिर का सौंदर्यीकरण तथा मंदिर के चारों ओर इंटरलॉकिंग कार्य सहित कॉलोनी की अन्य सभी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने ने समस्त कॉलोनीवासियों को आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का एक-एक कर प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा। महादेवपुरम के विकास एवं जनसमस्याओं के समाधान के प्रति दिखाई गई प्रतिबद्धता के लिए डॉ. बीरबल सिंह का समस्त महादेवपुरम वासियों ने आभार जताया।





## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**सोमवार, 12 अक्टूबर 2026**

मेष- स्वास्थ्य में पर्याप्त सुधार, भाग्योन्नति के नवीन आयाम, धार्मिक क्रियाकलापों की ओर अभिरुचि, शुभ भावनाओं के उदय से आत्मिक शांति, विवाद का समापन।

वृषभ- व्यापार में धन निवेश, व्यापार में विस्तार एवं नवपरिवर्तन की योजना फलीभूत, किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति संभव, आहार विहार में नवीनता।

मिथुन- आज दिन 10/04 बजे तक दिनमान विपरीत, क्रोध की अधिकता, मित्रों से किसी बात को लेकर अनबन, शेष समय में प्रगति का मार्ग प्रशस्त, मनोरंजन में रुचि।

कर्क- आज दिन 10/04 बजे तक अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, शारीरिक सुख की अनुभूति, आपसी सम्बन्धों में तालमेल, शेष समय में व्यावसायिक हानि, वाहन से कष्ट। हानि भी।

सिंह- नवयोजना के प्रति रुचि जागृत, कठिनाइयों के निवारण का मार्ग प्रशस्त, मान सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, भौतिक सुख।

कन्या- अधूरे व नवकार्यों हेतु प्रियजनों से विचार-विनिमय, कुछेक समस्याएं आपके पक्ष में सुलझने की ओर, स्वाध्याय की ओर रुचि, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल।

तुला- आज दिन 10/04 बजे तक कठिनाइयों में वृद्धि, प्रियजनों से कटुता, प्रतिष्ठा पर आघात, अध्ययन में निराशा, शेष समय में आर्थिक पक्ष बेहतर, भाग्योन्नति।

वृश्चिक-आज दिन 10/04 बजे तक उन्नति का सुयोग, पूँजी का प्रतिफल प्राप्त, सद्विचारों का उदय, शेष समय में असफलता, शत्रु सक्रिय, आकांक्षित सिद्धि में व्यतिक्रम।

धनु- बुद्धिचातुर्य से संकल्पसिद्धि, अध्यवसाय की ओर रुझान, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क का लाभ, परिवार में मांगलिक कार्यक्रम संपादित, धन संचय की ओर प्रवृत्ति

मकर- मनोभिलाषित योजनाओं में सफलता, नवीन समाचार की प्राप्ति से हर्ष एवं उल्लासमय वातावरण, आपसी सम्बन्धों में सामंजस्य, राजकीय पक्ष से लाभान्वित।

कुम्भ- आज दिन 10/04 बजे तक कार्यों में अवरोध, भाग्य में न्यूनता, आत्मीयजनों से तनाव, शेष समय में विवाद का समापन, सफलता का सुयोग, नवयोजना का श्रीगणेश।

मीन- आज दिन 10/04 बजे तक विचारित योजना पूर्ण, महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रयत्नशील, धन लाभ का अवसर, शेष समय में प्रतिकूलता, सोचे हुए कार्य अपूर्ण।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# थाना दिवस में रजिस्टर अपूर्ण मिला एसडीएम बोले- बंद करो ये सिलसिला

**नहटौर ( चिंगारी )**। थाना दिवस में जनसमस्याएं सुनने के लिए पहुंचे एसडीएम ने रजिस्टर अपूर्ण होंने पर कड़ी नाराजगी बताई। तत्काल रजिस्टर को पूरा करने के लिए निर्देश दिये। शनिवार को नहटौर थाने में जनसुनवाई कार्यक्रम में एसडीएम नितिन कुमार एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार पहुंचे। बताया जाता है कि समाधान दिवस के अंतर्गत दर्ज



की गई शिकायत के रजिस्टर अपूर्ण मिलने पर एसडीएम नितिन कुमार ने नाराजगी जताई। उन्होंने मुचलका पाबंद के अंतर्गत बांड डाउन की कार्रवाई न होने को लेकर भी काफी सवाल जवाब किये और तत्काल अपूर्ण रजिस्टर को पूर्ण करने के निर्देश जारी किए। थाना दिवस के अंतर्गत सात शिकायतें दर्ज की गयीं, जिसमें अधिकतर राजस्व से संबंधित थी। वहीं, समाधान दिवस के अंतर्गत लेखपालों ने अपनी मांगों को लेकर भुजा पर काली पट्टी बांधकर कार्य किया।



## धूमधाम से निकला झंडा जुलूस

**नहटौर ( चिंगारी )**। श्री आदर्श रामलीला समिति. के तत्वावधान में राम झंडा जुलूस निकाला गया, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि अजय कुमार शर्मा ने फीता काटकर किया। शनिवार को झंडा जुलूस पंचायती मन्दिर से प्रारम्भ होकर मुख्य बाजार से होता हुआ जैन विद्या मंदिर इंटर कालेज में जाकर सम्पन्न हुआ। कॉलेज परिसर में ध्वज स्थापना पर पूजा अर्चना की गई। समिति अध्यक्ष आदेश चन्द्रा ने बताया रात्रि में थाने के सामने जूनियर हाईस्कूल में पर्दे पर रामलीला का मंचन किया जाएगा। इस अवसर पर महामन्त्री अरविंद जोशी, मोहित भारद्वाज, उपाध्यक्ष ऋषभ जैन,उपाध्यक्ष कृष्णा वर्मा, कपिल शर्मा, अभय अग्रवाल, अंकुश अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, अमन अग्रवाल, विनिल वर्मा, व्योम जैन, पंकज जैन, पिंटू जोशी, रोहित सैनी, विशाल वर्मा, रवि सैनी, लखपत सैनी, कमल सैनी आदि रहे।

## 19 दिन बाद भी विद्युत लाइन चोरी का सुराग नहीं मिला

**नहटौर ( चिंगारी )। ग्राम नारायन खेड़ी से भवानीपुर कलिया बाईपास पर लगे 5 विद्युत खंबे से 11 हजार ( एसटी ) की लाइन चोरी कर ली थी। 23 सितंबर को निरीक्षण के दौरान लाइन चोरी होने की जानकारी मिली। संविदा कर्मी रोहताश सिंह द्वारा उच्च अधिकारियों को सूचना दी गई थी। अवर अभियंता की शिकायत पर एंटी पावर थेफ्ट बिजनौर में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। अभी तक चोरी का पता नहीं चला है। वहीं ग्राम भवानीपुर कलियां की विद्युत आपूर्ति के लिये ट्यूबवैल की लाइन जोड़ी गयी है। एसडीओ अखिलेशचंद्र त्रिपाठी कि मामले की एंटी पावर थेप्ट बिजनौर रिपोर्ट दर्ज की गई है। विद्युत लाइन चोरी होने से विभाग को करीब 20 लाख के नुकसान की सम्भावना है।**

## स्कूल में हुई 'नो फायर कुकिंग' प्रतियोगिता



**नहटौर ( चिंगारी )**। वीके इंटरनेशनल स्कूल में 'नो-फायर कुकिंग' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने बिना आग का प्रयोग किए विभिन्न स्वादिष्ट एवं पौष्टिक व्यंजन तैयार किये। तीनों वर्गों में एक्रा हाउस प्रथम रहा।

प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय एमडी शिल्पी कुमार अग्रवाल एवं प्रखर अग्रवाल द्वारा किया गया। तीन वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता में प्राथमिक वर्ग में प्रथम स्थान एक्रा हाउस, द्वितीय स्थान इग्निस हाउस तथा तृतीय स्थान एरिया हाउस ने प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान एक्रा हाउस, द्वितीय स्थान एरिया हाउस तथा तृतीय स्थान टेरा हाउस को मिला। वहीं सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान एक्रा हाउस, द्वितीय स्थान एरिया हाउस तथा तृतीय स्थान इग्निस हाउस ने प्राप्त किया। प्रधानाचार्या प्रेरणा चौधरी ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता का संचालन कक्षा 8वीं की छात्रा आराध्या अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर समाना नक़वी, रूपम त्रिवेदी, सुदेश कुमारी, रजनीश शर्मा, मयूर कुमार सैनी, पवन कुमार, मोहन सिंह, नीरज कुमार, अनामिका भटनागर, पलक चौधरी, मरियम, इफ़रा परवीन, रुची चौहान, प्रतीक्षा राजपूत, मोनिका राजपूत, शिल्पी चिकारा, नविता चौहान, अंजू कुमारी, राशी शर्मा, प्रियंका त्यागी आदि रहे।

# मौलाना कासमी का स्वागत हुआ जोरदार, बोले- जुल्म कर रही भाजपा सरकार



**बिजनौर ( चिंगारी )**। विधानसभा बढ़ापुर के कोटकादर में आज़ाद समाज पार्टी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य एवं बढ़ापुर विधानसभा से भावी प्रत्याशी मौलाना अतीकुर्रहमान कासमी का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान आयोजित जनसभा में भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम का संचालन नदीम अहमद ने किया, जबकि अध्यक्षता शेख ख़ुर्शीद अहमद ने की।

जनसभा को संबोधित करते हुए मौलाना अतीकुर्रहमान रहमान कासमी ने कहा कि भाजपा सरकार के दस वर्षों के शासन से जनता त्रस्त है। प्रदेश में महंगाई और जंगलराज की स्थिति है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा और पढ़े-लिखे युवा सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को सत्ता से बाहर करने का मन बना चुकी है। आज़ाद समाज पार्टी भाजपा को हराने में सक्षम विकल्प है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी हमेशा कमजोरों, वंचितों और मजलूमों की लड़ाई लड़ती आई है और आगे भी उनके हक की आवाज बुलंद करती रहेगी। इस मौके पर नफीस अहमद, नसीम अहमद, डॉक्टर नागेंद्र, चंद्रपाल, डॉक्टर अफजाल, शमीम अहमद, नसीम अल्वी, इलियास अंसारी, शफीक अंसारी, इसरार मलिक, समीर अहमद, अब्दुल रहमान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मानसिक स्वास्थ्य को शारीरिक स्वास्थ्य के समान दी जाये प्राथमिकता : डॉ. मीनू सिंह

## एम्स में मनाया गया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स ऋषिकेश के मनोचिकित्सा विभाग द्वारा कॉलेज ऑफ नर्सिंग और आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस दौरान विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के अलावा रचनात्मक अभिव्यक्ति एवं मानसिक कल्याण संबंधी गतिविधियां आयोजित की गयीं। इस वर्ष की थीम मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े अनुभवों को मिले आवाज, वास्तविक बदलाव की हो शुरुआत रही। संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर डॉ. मीनू सिंह ने प्रो. मीनू सिंह ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य समग्र कल्याण का एक अनिवार्य हिस्सा है और इसे शारीरिक स्वास्थ्य के समान ही प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें ऐसा वातावरण तैयार करना होगा, जहां लोग बिना किसी भेदभाव या सामाजिक कलंक के भय के अपने अनुभव साझा कर सहायता प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में उत्तराखंड की पारंपरिक लोककला 'ऐपण' को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता से जोड़ते हुए ऐपण कला प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। उधर संस्थान के आयुष विभाग के सहयोग से योग एवं माइंडफुलनेस सत्र आयोजित किया गया। एक अन्य कार्यक्रम में कॉलेज ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों ने मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक द्वारा जीवन के महत्व, पारिवारिक तनाव के कारणों की पहचान तथा घर में सुखद, स्वस्थ और सहयोगात्मक वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया। इस इवेंट को कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रिन्सिपल प्रो. स्मृति अरोड़ा व एसो. प्रोफे. डॉ. राजेश कुमार द्वारा संबोधित भी किया गया। कार्यक्रम का समापन वैलेडिक्टरी सत्र एवं पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर डॉ. वंदना कुमार ढींगरा, मनोचिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विशाल धीमान, प्रो. अनिंद्य दास, प्रो. रवि गुप्ता एवं डॉ. जितेंद्र रोहिल्ला सहित कॉलेज ऑफ नर्सिंग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. जेवियर बेल्सी सी, सह-आचार्य डॉ. मलार कोटी, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट सुश्री प्रिया सिंह, मनोचिकित्सा विभाग के डॉ. सचिन कुमार द्विवेदी, नर्सिंग ट्यूटर सुश्री जी.वी. अन्नपूर्णा, डॉ. आनन्द सिंह राठौर, डॉ. सचिन कुमार द्विवेदी एवं श्री मुकेश कुमार सहित डॉ. स्वस्तिका, डॉ. भूमा, डॉ. आनंद सिंह, डॉ. दिनेश चंदेला, डॉ. हर्षित और डॉ. आर्निका उपस्थित रहे।

# राज्यसभा सांसद बनने पर दिनेश आर्य का स्वागत

## 12 साल बाद कुमाऊं को राज्यसभा में मिला प्रतिनिधित्व



**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखंड से राज्यसभा की एकमात्र सीट पर भाजपा प्रत्याशी दिनेश आर्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं। कांग्रेस सहित किसी अन्य दल की ओर से नामांकन नहीं किए जाने के कारण उनका निर्वाचन निर्विरोध हुआ। निर्वाचित होने के बाद दिनेश आर्य भाजपा प्रदेश मुख्यालय पहुंचे, जहां पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया।

इस मौके पर दिनेश आर्य ने कहा कि अनुसूचित जाति समाज के एक कार्यकर्ता को उच्च सदन में भेजकर पार्टी ने जो भरोसा जताया है, वह उसे पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में वे समाज के हितों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाएंगे और वंचित वर्गों की आवाज बनने का प्रयास करेंगे।

दिनेश आर्य कुमाऊं क्षेत्र से आते हैं। उनके राज्यसभा पहुंचने से करीब 12 साल बाद कुमाऊं को इस सदन में प्रतिनिधित्व मिलने जा रहा है। उनके निर्वाचन को भाजपा संगठन के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। दिनेश आर्य का कार्यकाल 25 नवंबर 2026 से शुरू होगा।

# भाजपाइयों ने कण्वाश्रम में चलाया सफाई अभियान

## स्वच्छता नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी : शर्मा

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी के सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महर्षि कण्व की तपस्थली एवं चक्रवर्ती सम्राट भरत की जन्मस्थली कण्वाश्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने श्रमदान कर स्वच्छता, जनभागीदारी और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन फर्णीद्रनाथ शर्मा ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान समाज के प्रति दायित्वों के निर्वहन और राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी का संकल्प है साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की यात्रा सेवा, सुशासन और जनकल्याण के प्रति समर्पण का उदाहरण है। कहा कि स्वच्छता नागरिक कर्तव्य और सामूहिक जिम्मेदारी है। कण्वाश्रम जैसी ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक धरोहरों का संरक्षण हमारी सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान का प्रतीक है। ऐसे स्थलों पर श्रमदान कर हम भावी पीढ़ियों के लिए अपनी विरासत को सुरक्षित रखने का संकल्प दोहराते हैं। जिलाध्यक्ष राज गौरव नौटियाल ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान समाज में सेवा और समर्पण की भावना को मजबूत करने का माध्यम है। कण्वाश्रम में आयोजित यह अभियान ऐतिहासिक स्थलों की स्वच्छता और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति जनमानस को प्रेरित करेगा। स्वच्छता अभियान में जिला प्रभारी रमेश मैखुरी, महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शांता बमराड़ा, पूर्व जिलाध्यक्ष बीरेन्द्र सिंह, मंडल अध्यक्ष आशीष रावत व पार्षद सौरव नौडियाल सहित अन्य पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने भी सहयोग दिया।

# छात्राओं के लिए 'शी फॉर स्टेम' के अन्तर्गत अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद देहरादून के तत्वावधान में विज्ञान संकाय की प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं हेतु शी फार स्टेम कार्यक्रम के अंतर्गत अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों से परिचित कराना तथा उन्हें नवाचार, कौशल विकास और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में परिषद के भुवन जोशी ने छात्राओं को शी फार स्टेम कार्यक्रम के उद्देश्यों, पंजीकरण प्रक्रिया, विभिन्न चरणों एवं इससे मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होंने छात्राओं को इस पहल से जुड़कर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपनी रुचि, प्रतिभा एवं क्षमताओं को विकसित करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, उन्होंने कार्यक्रम में सहभागिता की प्रक्रिया एवं इसके माध्यम से छात्राओं को मिलने वाले अवसरों के बारे में भी बताया। द्वितीय सत्र में परिषद के सौरभ जोशी ने हैंडस आन ट्रेनिंग के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं कौशल विकास के महत्व से परिचित कराया। समापन के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. डी. एस. नेगी ने कहा कि वर्तमान समय में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में छात्राओं की भागीदारी को बढ़ावा देना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह पहल छात्राओं को अपनी वैज्ञानिक अभिरुचि पहचानने, नवाचार के प्रति प्रेरित होने तथा भविष्य में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए अवसर प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होंगी।

# विश्व दृष्टि दिवस पर विद्यालय में शिविर लगाया

## छात्र-छात्राओं की आंखों की जांच की गई




**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** विश्व दृष्टि दिवस के उपलक्ष्य में नेगी आई केयर सेंटर, ऋषिकेश द्वारा रोटरी ऋषिकेश क्लासिक के सहयोग से मालवीय मार्ग स्थित ब्रह्मदेवी राजकीय प्राथमिक विद्यालय नंबर-7 में एक दिवसीय नि:शुल्क स्कूल स्क्रीनिंग आई चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में तीन दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं की आंखों की जांच कर उन्हें नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। शिविर का शुभारंभ रोटरी ऋषिकेश क्लासिक के संस्थापक राकेश अग्रवाल एवं विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ममता गौड़ ने सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। नेगी आई केयर सेंटर के निदेशक डॉ. राजे नेगी ने अपने सहयोगी मनोज नेगी के साथ मिलकर स्कूली बच्चों की दृष्टि एवं कलर विजन की स्क्रीनिंग की। जांच के दौरान जिन बच्चों में दूर की नजर कमजोर पाई गई, उन्हें चिकित्सकीय परामर्श देते हुए चश्मा लगाने की सलाह दी गई। डॉ. राजे नेगी ने बच्चों को भोजन में हरी सब्जियां, मौसमी फल एवं दूध जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थ शामिल करने की सलाह दी। रोटरी ऋषिकेश क्लासिक के संस्थापक राकेश अग्रवाल ने कहा कि क्लब द्वारा शीघ्र ही विद्यालय के जरूरतमंद बच्चों को आवश्यक पाठ्य सामग्री वितरित की जाएगी। शिविर के आयोजन में रोटरी ऋषिकेश क्लासिक के अध्यक्ष संजय सकलानी, सचिव विजय रावत, कोषाध्यक्ष हिमांशु गुप्ता तथा विद्यालय की शिक्षिकाओं रेनू वर्मा एवं बीना शर्मा ने सहयोग प्रदान किया।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# मस्जिद में तेज अज़ान की शिकायत पर पुलिस ने मुअज्जन को पकड़ा

## लाउडस्पीकर माइक जब्त कर किया चालान

नजीबाबाद ( चिंगारी )। डीएम उमेश प्रताप सिंह व एसपी केके विश्नोई कल नजीबाबाद में स्नातक चुनाव के लिए बनने वाले मतदान केंद्र जीआईसी का निरीक्षण करने आए थे। इसी दौरान उन्हें जीआईसी के पास स्थित नवाब नजीबुद्दौला मस्जिद पर लगे लाउडस्पीकर में जौहर की नमाज़ के लिए हो रही अजान की आवाज सुनाई दी। जिसके बाद थाना पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर मस्जिद का लाउडस्पीकर व माइक उतारकर कब्जे में लेने के साथ मस्जिद के मौअज्जन को हिरासत में ले लिया। बाद में पुलिस मस्जिद के मौअज्जन को थाने ले गई जिसकी खबर मिलते ही मस्जिद कमेटी के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे तथा उन्होंने मस्जिद पर लगे लाउडस्पीकर पर मानक के अनुसार हल्की आवाज में अज़ान दिये जाने व मौअज्जन को छोड़ने की पुलिस से अपील की। मगर थाना पुलिस ने मस्जिद कमेटी के लोगों को मुअज्जन को छोड़ने का आश्वासन देने के बीच ही तुरंत ध्वनि प्रदूषण का मुकदमा दर्ज कर मुअज्जन का चालान कर दिया। जिस पर मस्जिद कमेटी ने नाराजगी जताई। शहर के लोगों का कहना है कि ध्वनि प्रदूषण के मामले में पुलिस प्रशासन धार्मिक स्थलों के लाउडस्पीकरों को तो उतार रहा है मगर शहर में लगातार धार्मिक कार्यक्रमों में तेज आवाज में बजाए जा रहे डीजे व लाउडस्पीकरों पर पाबंदी नहीं लगा पा रहा है। जिनकी आवाजों से लोगों का अपने प्रतिष्ठानों पर बैठना मुश्किल हो रहा है।

### पुलिस ने सांसद के हस्तक्षेप से इमाम व मुतवल्ली को छोड़ा

नजीबाबाद ( चिंगारी )। थाना पुलिस के नगर के मौहल्ला सब्जीग्रान स्थित कोठे वाली मस्जिद में ध्वनि प्रदूषण के मामले में इमाम व मुतवल्ली को थाने ले जाकर बैठाने की सूचना मिलते ही साहनपुर चेयरमैन व आसपा नेता खुर्शीद मंसूरी ने आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद चंद्रशेखर आजाद से तुरंत मोबाइल पर बात कर उन्हें अवगत कराया। सांसद ने तत्काल इस मामले का संज्ञान लेते हुए प्रशासन से बात की जिसके बाद पुलिस ने मस्जिद के इमाम व मुतवल्ली को छोड़ दिया। श्री मंसूरी के सांसद के माध्यम से कराए गए इस कार्य की मुस्लिम समाज के लोगों ने प्रशंसा की।

## रावण, कुंभकरण, विभीषण ने की इंद्र की तपस्या



राम व हनुमान की आरती करते हुए संजय गुप्ता।

बिजनौर ( चिंगारी )। श्री रामलीला सेवा सोसाइटी बिजनौर द्वारा रात की रामलीला का शुभारंभ एडवोकेट अजय अग्रवाल, अध्यक्ष अचल अग्रवाल के अलावा रंजन अग्रवाल राजकुमार विनीत अग्रवाल लाल आदि ने भगवान गणेश की आरती कर किया। कंठस्थ कला केंद्र दिल्ली के संचालक सत्येंद्र शर्मा द्वारा रावण कुंभकरण विभीषण द्वारा भगवान इंद्र की तपस्या का सुंदर चित्रण किया गया। इंद्र की तपस्या कर तीनों भाई इंद्र से वरदान मांगते हैं। व्यवस्था बनाने में एडवोकेट संजय गुप्ता, विनीत अग्रवाल, अचल अग्रवाल, राहुल शर्मा, प्रदीप कौशिक, बंटी, राजेंद्र गौतम, कपिल चौधरी, संदीप चौधरी एडवोकेट आदि प्रमुख रहे।

## सवाल पूछने की जिज्ञासा खत्म कर परिसीमन से तमिलनाडु के लोगों के हक पर हमला कर रही है मोदी सरकार : राहुल




चेन्नई ( एजेंसी/चिंगारी )। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पर सवाल पूछने की स्वतंत्रता तथा लोकतंत्र को खत्म करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब तमिलनाडु जैसे राज्य की भाषा, संस्कृति पर हमला कर परिसीमन से लोगों की आवाज दबाने की साजिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु पर अपनी भाषा थोपकर यहां के लोगों की भाषा और संस्कृति पर हमला किया जा रहा है। यहां के इतिहास को अपनी तुलना में कमजोर बताया जा रहा है और अब परिसीमन का सहारा लेकर यहां के जनप्रतिनिधित्व को कम कर राज्य के लोगों के राजनीतिक अधिकारों और उनकी आवाज को कमजोर करने की बहुत बड़ी साजिश हो रही है। श्री गांधी ने यहां अपने अभियान छात्रों की गूंज के छठे संस्करण को संबोधित करते हुए कहा कि जिज्ञासा यानी सवाल पूछने का जज्बा छात्रों की सबसे बड़ी ताकत है। सवाल पूछना, नयी चीजें सीखना, भविष्य की कल्पना करना और अपनी पसंद का रास्ता चुनना इसी जिज्ञासा से संभव होता है। महान समाज सुधारक पेरियार और महान कवि तिरुवल्लुवर के विचारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि किसी बात को सिर्फ इसलिए स्वीकार नहीं करना चाहिए कि उसे किसी दूसरे व्यक्ति ने कहा है बल्कि उसका विश्लेषण करना और सवाल पूछना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाषा, संस्कृति, इतिहास, परंपराएं और अपनी जमीन से जुड़ाव जिज्ञासा की बुनियाद हैं। कोई भी व्यवसाय, नवाचार, कला, नृत्य या संगीत एक सवाल से शुरू होता है और सवाल पूछना मानव प्रगति के साथ-साथ लोकतंत्र का भी आधार है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि श्री मोदी जिज्ञासा की इसी बुनियाद को कमजोर कर रहे हैं और वोट चोरी तथा चुनाव में कथित धांधली के जरिए लोकतंत्र पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संविधान नागरिकों को सवाल पूछने का अधिकार देता है और मतदान के जरिए लोग सरकार से जवाब मांग सकते हैं।




